वर्ष 24, अंक 208, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 6 फरवरी 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'नेहरू-इंदिरा देश की जनता को समस्या मानते थे'- पीएम

## राज्यसभा में पीएम मोदी ने गिनाईं कांग्रेस की गलतियां



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देने पहुंचे. लेकिन भाषण के दौरान विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और सदन से वॉकआउट कर लिया. हालांकि, ढट मोदी ने अपना भाषण जारी रखा और कहा कि जो लोग थक कर चले गए उन्हें जवाब देना होगा. ढट मोदी ने अपने भाषण में कई बड़ी बातें कहीं हैं...

**कांग्रेस ने भारत को 11 नबंर की इकोनॉमी पर पहुंचाया: मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज विश्व की चुनौतियों का समाधान देने वाला देश बन गया है. जब देश आजाद हुआ था तो 6 नंबर की इकॉनमी पर थे. लेकिन कांग्रेस ने 11 नंबर पर पहुंचा दिया. आज हम इसको 3 नंबर पर लेकर जा रहे हैं. कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों के भाषण का विश्लेषण करके देख लो न उनके पास कोई विजन था न ही कोई इच्छाशक्ति थी. उस समय में जो भारत की छवि थी उसको तोड़ने में हमारी काफी शक्ति लगी है. हमने उनकी गलतियां सुधारी हैं.

मोदी ने कहा, 'जब मैं पैदा भी नहीं हुआ था तब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सरदार सरोवर बांध का सपना देखा था. अब जब मैं प्रधानमंत्री बना तो उनका सपना पूरा किया है.'

**नेहरू-इंदिरा देशवासियों को समस्या समझते थे: मोदी**

पीएम मोदी ने इंदिरा गांधी और जवाहर लाल नेहरू पर तंज कसते हुए कहा, 'जब किसी ने इंदिरा गांधी से पूछा था कि भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के सामने कितनी समसम्याएं हैं? तो उन्होंने उत्तर दिया था 35 करोड़. उस समय हमारे देश की जनसंख्या 35 करोड़ थी. 35 करोड़ देशवासी नेहरू को समस्या लगते थे. इंदिरा ने आगे कहा कि आज देश की जनसंख्या 57 करोड़ है. इसलिए मेरी समस्याओं की संख्या भी उतनी ही बढ़ी है. पिता को 35 करोड़, इंदिरा को 57 करोड़ है. ऐसा हो सकता है क्या?'

**कांग्रेस के कार्यकाल में नेताओं के फोन से मिलते थे पैसे: मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले फोन बैंकिंग ऐसी थी की नेता का फोन जाता था और उनको करोड़ों रुपए मिल जाते थे. कांग्रेस के एक फोन पर अरबों रूपए मिलते रहे और गरीब लोग बैंकों का मुंह ताकते रह जाते थे. कांग्रेस के राज में बैंकिंग व्यवस्था तबाही की कगार पर कड़ी थी. ढट मोदी ने कहा, 'हमारे सामने चुनौती बड़ी थी हमने हिम्मत से काम लिया और ढेर सारे बैंकिंग रिफॉर्म किए. हमने सरकारी बैंक का बड़े बैंकों के साथ मर्जर किया, जिससे बैंकों में जो बीमारी घर कर गई थी उससे मुक्ति मिली और बैंक अब तेजी से दौड़ रहे हैं.'

**बस्तर के गांवों में लोगों ने पहली बार बस देखी: मोदी**

पीएम मोदी ने कहा, 'यहां कुछ सदस्यों ने पॉलिसी के इम्प्लीमेंटेशन पर सवाल उठाए. मैं फैक्ट्स बताना चाहता हूं कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कांग्रेस पार्टी के काम करने के तरीके से पूरी तरह वाकिफ थीं, फिर भी इसे सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए. इंदिरा गांधी ने प्लानिंग कमीशन को पूरी तरह खत्म कर दिया,

जिसे उनके पिता (जवाहरलाल नेहरू) ने बनाया था. 2014 के बाद, हमने प्लानिंग कमीशन को खत्म कर दिया और नीति आयोग लाए. आज, नीति आयोग तेजी से काम कर रहा है. पहला स्टेप था यंग, टैलेंटेड ऑफिसर्स को अपॉइंट करना और उन्हें काम करने का पूरा तीन साल का मौका देना. एक के बाद एक फैसले लिए गए और छत्तीसगढ़ के बस्तर की चर्चा पूरे देश में बस्तर ओलंपिक्स के लिए हो रही है. बस्तर के गांवों में लोगों ने पहली बार बस देखी और उत्सव मनाया था.

**राहुल का अहंकार 7वें आसमान पर पहुंचा: पीएम मोदी**

राहल गांधी की गद्दार वाली टिपण्णी पर ढट मोदी ने कहा कि कल जो घटना घटी, इसी सदन के माननीय सांसद (बिट्टू) को कांग्रेस के शातिर दिमाग वाले युवराज (राहुल गाँधी) ने गद्दार कह दिया. राहुल गांधी का अहंकार 7वें आसमान पर पहुंच गया है. कल सांसद को गद्दार इसलिए कहा क्यों की ये सिखों का अपमान था, गुरुओं का अपमान था. कांग्रेस के अंदर कूट-कूट कर सिखों के लिए नफरत भरी है. मेरे देशवासी को कोई गद्दार कहे, देश कैसे स्वीकार करेगा?

**जब सदन में रो पड़े थे सीएम आदित्यनाथ: मोदी**

मोदी ने कहा, 'एक बार, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ असेंबली में बोलते हुए रो पड़े थे, क्योंकि दिमागी बुखार (इंसेफेलाइटिस) से बहुत सारे बच्चे मर रहे थे. लेकिन पिछली सरकार ने इसके बारे में कुछ नहीं किया. हमने लोगों को इससे और आंखों की बीमारी ट्रेकोमा से भी राहत दिलाई. ये हमारी कामयाबी है. यही उन्हें परेशान कर रहा है.।

### 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी', राज्यसभा में पीएम मोदी ने बताया कांग्रेस क्यों लगाती है ऐसे नारे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बयान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा है कि मोदी प्रधानमंत्री के पद पर कैसे पहुंच गया है. कांग्रेस खुद को मोहब्बत की दुकान वाली कहती है. अब तो मोहब्बत की दुकान वाले मेरी कब्र खोदने की बात करते हैं. कब्र खोदना उनका नारा नहीं भाव है.

कांग्रेस मोदी की कब्र क्यों खोदना चाहती है?

मोदी ने कहा कि हम विकसित भारत की जमीन तैयार कर रहे हैं. कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है. मोहब्बत की दुकान खोलने वाले 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे लगा रहे हैं. ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने की बात करती है. क्या ये संविधान का अपमान नहीं है. ढट मोदी ने इसकी 7 बड़ी वजहें हैं:

नेहरू जी ने देश के साथ अन्याय किया था. उन्होंने सिंधु जल समझौता करके बहुत बड़ी गलती की थी. हमने उस समझौते को एबेंस में डाल दिया, इसलिए आप मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाते हैं.

कांग्रेस की परेशानी कुछ और है. ये पचा नहीं पा रहे की मोदी यहां तक पहुंचा कैसे और पहुंचा तो पहुंचा मोदी टिका कैसे है, इसलिए एक ही रास्ता उनको लग रहा है की मोदी तेरी कब्र खुदेगी.

कांग्रेस ने कभी स्टार्टअप कल्चर को बल नहीं दिया. ये अपने घर के स्टार्टअप को भी ठीक नहीं कर पा रहे।

# गाजियाबाद में तीन बहनों की सुसाइड पर चशमदीद और पड़ोसियों ने खोल दिए सब राज




**गाजियाबाद**

**उत्तर** प्रदेश के गाजियाबाद में तीन बहनों ने अपार्टमेंट की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी. परिजनों के मुताबिक तीनों को कोरियन गेम की लत लग चुकी थी, जिसकी वजह से उन्होंने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया.

इस मामले में अब सोसाइटी के लोगों और चश्मदीदों ने जो बताया है, उसके बाद इस घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं. एक चश्मदीद ने बताया कि शायद एक कूदना चाह रही थी, बाकी दो उसे बचाने में नीचे गिरीं हैं. पड़ोसी महिलाओं ने बताया कि दो साल पहले ही ये परिवार सोसाइटी में रहने आया था और किसी से कोई सम्पर्क नहीं था.

एक महिला पड़ोसी ने बताया कि इनके घर से कई बार चीखने-चिल्लाने की खबरें आयीं. इसके साथ ही एक और पड़ोसी ने बताया कि शुरूआत में कोरियन गेम की बात नहीं थी, फिर अचानक कैसे आ गयी ये समझ नहीं आ रहा. फिलहाल पुलिस अभी इस मामले में जांच कर रही है.

बच्चियों के स्कूल न भेजने पर उठ रहे सवाल

एक महिला पड़ोसी ने बताया कि पैरेंट्स वाईफाई और महंगे मोबाइल दिलवा रहे हैं, लेकिन दो साल से बच्चियां स्कूल नहीं जा रहीं, ये बड़ा सवाल है. अगर कोई आर्थिक दिक्कत थी तो सरकारी स्कूल भी उपलब्ध हैं. फिर जब इतनी महंगी सोसाइटी में रह रहे हैं तो आर्थिक दिक्कत का सवाल समझ नहीं आता. इस विषय पर जांच होनी चाहिए.

क्या तीनों आत्महत्या के लिए तैयार थीं ?

एक चश्मदीद अरुण के मुताबिक खिड़की से एक लड़की लटकी थी एक ऊपर खींच रही थी, लेकिन शायद वो उसे बचाने में बाकी दोनों भी नीचे गिरीं, कुछ समझ नहीं आ रहा. इस पूरे घटनाक्रम से सोसाइटी में माहौल अभी संशयपूर्ण बना हुआ है. किसी को समझ में नहीं आ रहा है कि नौवीं मंजिल से इस तरह बच्चियों का कूदना बड़ा सवाल है. इस मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है, शुरूआती पूछताछ में परिजनों ने गेम के कारण स्कूल छोड़ने और किसी से बात तक न करने की बात कही थी. अब पड़ोसियों के बयानों को मानें तो शायद कुछ और भी मामला इस पूरे प्रकरण से जुड़ा हुआ है।

## चेक बाउंस केस: राजपाल यादव ने 4 बजे तिहाड़ जेल में किया सरेंडर

**नई दिल्ली**

**एक्टर** राजपाल यादव के गुरुवार 4 बजे तिहाड़ जेल में सरेंडर करने की खबरें सामने आई हैं. दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश था, जिसके बाद आज जेल अधिकारियों के सामने राजपाल यादव ने सरेंडर किया. दिल्ली ल्उ ने राजपाल यादव की अर्जी खारिज कर दी थी. दिल्ली हाईकोर्ट ने राजपाल यादव को बुधवार शाम 4 बजे सरेंडर करने का निर्देश दिया था, लेकिन बुधवार को सरेंडर नहीं किया. तिहाड़ जेल सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने गुरुवार को सरेंडर किया. कोर्ट ने कहा था- आपने कहा था । कि आप बॉम्बे में हैं, इसलिए आपको सरेंडर के लिए दो दिन का समय दिया गया था।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर पीयूष गोयल का बड़ा बयान

### 4-5 दिन में साइन होगा समझौता




**नई दिल्ली**

**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर संयुक्त बयान को अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर करने की संभावना 4-5 दिनों में है। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर होने के बाद, अमेरिका भारत पर टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने का कार्यकारी आदेश जारी करेगा। वर्तमान में, भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ और रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगता है। गोयल ने पत्रकारों को बताया कि समझौते के पहले चरण के लिए कानूनी समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि संयुक्त बयान के बाद एक विस्तृत कानूनी समझौता किया जाएगा। गोयल ने यह भी कहा कि इस समझौते में निवेश की कोई प्रतिबद्धता नहीं है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि बयान पर हस्ताक्षर होने के बाद यह एक कानूनी समझौता बन जाएगा और मार्च के मध्य तक इस पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत कुछ अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ कम कर देगा। इससे पहले, पिछले साल फरवरी में हुई एक बैठक में ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरद ऋतु तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने पर सहमति जताई थी। हालांकि दोनों पक्षों के बीच कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद व्यापार समझौते पर प्रगति रुक गई।

इसमें रूस से कच्चे तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ भी शामिल था।

# सुनेत्रा पवार का डिप्टी सीएम पद खतरे में



**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में एनसीपी के अध्यक्ष सुनील तटकरे ने एबीपी माझा को दिए गए विशेष इंटरव्यू में सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाने समेत कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की है. सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री पद खतरे में होने का दावा किया गया था. इन सभी चचाओं पर सुनील तटकरे ने प्रतिक्रिया दी. तटकरे ने कहा कि तकनीकी पहलुओं की जांच करने का राजनीतिक अनुभव हमें है.

उन्होंने कहा, "कई वर्षों के राजनीतिक अनुभव के कारण हमें यह जानकारी है कि कौन शपथ ले सकता है, सदस्य न होने पर भी कोई व्यक्ति कितने समय तक पद पर रह सकता है. 1991 में अजित पवार का उदाहरण है, शरद पवार का भी उदाहरण हैं."

अंजली दमानिया ने क्या दावा किया था?

दरअसल, सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने दावा किया था कि सांसद पद से इस्तीफा देने के बाद जब तक राष्ट्रपति उस इस्तीफे को स्वीकार नहीं करते, तब तक दूसरा पद नहीं लिया जा सकता. दावे के मुताबिक, संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार सुनेत्रा पवार को पहले राज्यमंत्री या कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेनी चाहिए थी, क्योंकि उपमुख्यमंत्री पद संवैधानिक पद नहीं है. इसी कारण सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री पद खतरे में होने का दावा किया गया था.

तात्कालिक नहीं, 72 घंटे बाद शपथविधि- सुनील तटकरे

सुनील तटकरे ने स्पष्ट किया कि दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने तुरंत उपमुख्यमंत्री पद की शपथ नहीं ली. हमने 72 घंटे बाद शपथविधि किया।



# भारत टैक्सी की शुरूआत, ग्राहकों को मिलेगी बेहद सस्ती सवारी

**दिल्ली-एनसीआर**

**केंद्रीय** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज देश के पहले सहकारिता-आधारित टैक्सी सेवा मंच ह्यभारत टैक्सी की शुरूआत की। दो महीने के सफल पायलट परीक्षण के बाद शुरू की गई यह टैक्सी सेवा फिलहाल दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू की गई है। इस मंच के उद्घाटन अवसर पर अमित शाह ने कहा, अगले तीन वर्षों में भारत टैक्सी सेवा को कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक देशभर में चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच से होने वाला लाभ इससे जुड़े ड्राइवरों के साथ साझा किया जाएगा। हम आपको बता दें कि इस टैक्सी सेवा के तहत ग्राहक आवागमन के लिए कार के साथ तिपहिया और दोपहिया वाहनों की भी बुकिंग कर सकेंगे। फिलहाल देश के ऑनलाइन टैक्सी बाजार पर उबर, ओला और रैपिडो जैसी कुछ चुनिंदा कंपनियों का वर्चस्व है। हम आपको बता दें कि बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत भारत टैक्सी मंच की स्थापना छह जून, 2025 को की गई थी। इस मंच पर न तो किसी कमीशन का प्रावधान है और न ही व्यस्त समय में किसी तरह की किराया बढ़ोतरी का प्रावधान होगा। इसमें मुनाफे का सीधा वितरण ड्राइवरों के बीच किया जाता है। आठ प्रमुख सहकारी संगठनों के सहयोग से शुरू हुए।

# अब बनेगी दीर्घकालिक रणनीति




**दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि वायु प्रदूषण और यमुना नदी का प्रदूषण पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार की वर्षों की उपेक्षा और अल्पकालिक नीतियों के कारण उत्पन्न विरासत में मिली समस्याएं हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार इन दोनों चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक, दीर्घकालिक रणनीति अपना रही है। एएनआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में गुप्ता ने जीआरएपी, ऑड-ईवन प्रणाली, कृत्रिम वर्षा और प्रदूषण रोधी यंत्रों जैसे उपायों के विफल होने की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि ये कदम कभी भी स्थायी समाधान के लिए नहीं थे।

रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण पिछली सरकारों की लापरवाही का नतीजा है। अगर हम प्रदूषण को सिर्फ इस नजरिए से देखें कि हवा साफ होनी चाहिए, तो हमें नतीजे नहीं मिलेंगे। धूल, हवा और पानी पर एक साथ, समग्र दृष्टिकोण से काम करना होगा। आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों ने ढांचागत सुधारों को नजरअंदाज करते हुए अस्थायी राहत उपायों और प्रचार पर ही ज्यादा भरोसा किया।

उन्होंने कहा कि स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन और धुंध से सिर्फ थोड़े समय के लिए राहत मिलती है।

# योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए 24 हजार एकड़ भूमि हुई अधिग्रहित

## रोजगार और निवेश भी बढ़ेगा

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट बीडा यानी बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी झांसी में जल्द आकार लेने की तैयारी में है. नोएडा की तर्ज पर विकसित हो रहे इस इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के लिए अभी तक 24,000 एकड़ से ज्यादा जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है और डगरवाहा के निकट इसका एक्टिवेशन एरिया लगभग 1250 एकड़ क्षेत्रफल में तैयार होने जा रहा है, जो बुंदेलखंड में बीडा रोजगार और निवेश का बड़ा माध्यम बनने की ओर अग्रसर है.

बीडा झांसी शहर के समीप स्थित रक्सा के आसपास 56,000 एकड़ क्षेत्रफल की टाउनशिप है. इसके लिए अभी तक लगभग 24,000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है. जमीन अधिग्रहण का काम काफी तेज गति से चल रहा है. निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी इकाइयां इस क्षेत्र में निवेश की इच्छा जाहिर कर चुकी हैं. वहीं इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप में मैन्युफैक्चरिंग के साथ-साथ अन्य सेक्टर में बड़ी मात्रा में निवेश आयेगा. इससे यहां बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र में समृद्धि आएगी.

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए प्रस्तावित 115 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस वे बीडा को जोड़ते हुए आगे जाएगा. यह लिंक एक्सप्रेस वे बीडा से जुड़ने वाले आठ गांवों को जोड़ेगा. इन गांवों के लिए भी प्रशासन ने ड्रोन सर्वे आरंभ करा दिया है. यूपीडा की ओर से प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस वे के गुजरने का रास्ता पिछले सप्ताह ही तय हुआ है. यह लिंक एक्सप्रेस वे झांसी के गरौठा, टहरौली, मोंठ, झांसी प्रथम और द्वितीय तहसील के कुल 63 गांवों से होकर गुजरेगा.




'स्कूल, कॉलेज और रेजिडेंशियल एरिया के लिए भी जमीन का करेंगे आवंटन'

सरकार को बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में भारी निवेश की उम्मीद है. इस नाते सरकार इसकी कनेक्टिविटी बेहतर करने में जुटी हुई है. इसे बेहतरीन कनेक्टिविटी देने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से भी जोड़ा जाएगा. इसके लिए यूपीडा को जालौन से एरच के बीच 115 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस वे की जिम्मेदारी दी गई है. ओएसडी सौम्य मिश्रा का कहना है कि बीडा से लिंक एक्सप्रेस वे के जुड़ने का फायदा मिलेगा.

बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सीईओ संजय कुमार खत्री ने बताया कि बीडा की शुरूआत डगरवाहा के निकट एक्टिवेशन एरिया से होने वाली है. यहां लगभग 1250 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है.

इसमें हम सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निवेश लेकर आ रहे हैं. इसके साथ-साथ स्कूल, कॉलेज, ग्रुप हाउसिंग और रेजिडेंशियल एरिया के लिए भी जमीन का आवंटन करेंगे. जल्द ही बीडा के रूप में एक इंडस्ट्रियल टाउनशिप आने वाली है. फरवरी के आखिर या मार्च से हम लोग विकास के कार्यों को शुरू कर देंगे।

# सड़क हादसे में घायल चचेरा भाई अंकित पांचवे दिन इलाज के दौरान तोड़ा दम

### एक ही हादसे में उजड़ गया परिवार, चचेरे भाइयों के मौत से गिरधरपुर गांव गमगीन

**प्रदीप कुमार**

**मांडा।** क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे किशोर अंकित पांडेय (16) की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले उसके चचेरे भाई अभिषेक पांडेय (15) की भी एक फरवरी को मृत्यु हो चुकी थी। इस घटना से गिरधरपुर गांव में शोक का माहौल है। यह हादसा बीते शनिवार रात करीब आठ बजे मांडाखास-हाटा मुख्य मार्ग पर बोधीपुर में हुआ था। अभिषेक पांडेय अपने पिता को लेने बरौधा (मिजार्पुर) जा रहा था। उसके साथ चचेरा भाई अंकित पांडेय भी बाइक पर था।

बाबू फतेह बहादुर सिंह इंटर कॉलेज, बोधिपुर हाटा गांव के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि



मृतक अंकित पांडेय की फाइल फोटो

दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए।

ग्रामीणों की सूचना पर मांडा पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मांडा भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें शहर के अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इलाज के दौरान पहले अभिषेक पांडेय की मौत हो गई। वहीं, अंकित पांडेय को प्रयागराज के एक अस्पताल से दिल्ली एम्स ले जाया गया था। चार दिन तक चले इलाज के बाद बुधवार को अंकित ने भी दम तोड़ दिया।

बताया जाता है कि घटना शनिवार को रात आठ बजे हुई और चचेरे भाई अंकित पांडेय की बुधवार को सुबह आठ बजे मौत होने से गिरधरपुर में शोक की लहर दौड़ गई है 'सड़क हादसे में घायल चचेरे भाई अंकित की पांचवे दिन मौत से गांव में मातम छाया रहा।

पांचवे दिन बेटा अंकित पांडेय को दम तोड़ने की सूचना मिलने पर मां शीला पांडेय पत्नी प्रमोद कुमार पाण्डेय व इकलौती बहन सौम्या पाण्डेय तथा दादी चन्द्र कली अपने दूसरे नाती की मौत की जानकारी पर बेसुध हो कर जमीन पर गिर गई। घटना के पहले दिन हुई अभिषेक पांडेय की मौत से परिजनों के आंख की आंसू बहना बंद नहीं हुआ और साथ में घायल चचेरा भाई अंकित पांडेय की मौत होने से परिजनों की आंख के आंसू विकराल रूप धारण कर लिया है जिससे पूरा परिवार के साथ रिश्तेदारों अलावा क्षेत्रीय लोगों के जैसे पांव तले जमीन खिसक गई।

### सड़क हादसे में घायल अंकित ने एम्स में तोड़ा दम



**मांडा।** थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक अंकित पांडेय (16) ने दिल्ली एम्स अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में पहले ही उसके चचेरे भाई अभिषेक पांडेय (15) की मौत हो चुकी थी। यह दुर्घटना शनिवार को मांडा खास-हाटा मुख्यमार्ग पर बाबू फतेह बहादुर सिंह इंटर कॉलेज बोधीपुर के सामने हुई थी। एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अभिषेक और अंकित की बाइक को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत मांडा सीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में शहर के एक अस्पताल में रेफर किया गया। इलाज के दौरान शनिवार रात करीब तीन बजे अभिषेक पांडेय ने दम तोड़ दिया। मांडा पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभिषेक गिरधरपुर निवासी विनय कुमार पांडेय के बेटे थे। पोस्टमार्टम और अन्य औपचारिकताओं के बाद सोमवार सुबह लगभग दस बजे महेवा नहवाई गंगा घाट पर अभिषेक पांडेय का अंतिम संस्कार किया गया। उनके पिता विनय पांडेय ने उन्हें मुखाग्नि दी। सड़क हादसे में घायल अंकित पांडेय को पहले मांडा अस्पताल, फिर प्रयागराज के अस्पताल और अंततः दिल्ली एम्स अस्पताल ले जाया गया। परिजनों के अथक प्रयासों के बावजूद, अस्पताल पहुंचने से पहले ही अंकित ने दम तोड़ दिया। अंकित सेठ द्वारिका दास इंटर कॉलेज विंध्याचल, मिजार्पुर में कक्षा 10वीं का छात्र था। घटना के पांचवें दिन अंकित ने दिल्ली एम्स अस्पताल में दम तोड़ा। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद छठवें दिन गुरुवार को परिजन शव लेकर घर पहुंचे। उनका अंतिम संस्कार महेवा कला, नहवाई गंगा घाट पर किया गया, जहां उनके पिता प्रमोद कुमार पांडेय ने मुखाग्नि दी।

# स्कूली छात्रों का भव्य विदाई समारोह हुआ सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जी एस अकादमी धरवारा में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को उनके शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं अनुशासनात्मक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रबंधक विनय सिंह एवं प्रधानाचार्य के. पी. तिवारी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उप प्रधानाचार्य विष्णु गोपाल पांडेय सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में के. पी. सिंह, अंजनी मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, जे. पी. तिवारी, राजेश गिरी, राहुल सिंह, एस. पी. सिंह, आशीष पटेल, संजू मिश्रा, सुनीता सिंह, प्रिय द्विवेदी, शालिनी पाण्डेय, जयंती पाण्डेय, नेहा मिश्रा, गरीमा जायसवाल, मंजू शुक्ला सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह का समापन भावुक विदाई और स्मृतिचिह्न भेंट के साथ हुआ।

# बड़गोहना कला में दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

### झूसी गंगापार की टीम ने तीन रन से जीत हाशिल की

**कौंधियारा।** कौंधियारा के बड़गोहना कला गांव में दस दिवसीय आयोजित जय बजरंगबली क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी को शुभारम्भ हुआ था प्रतियोगिता गुरुवार को सम्पन्न हुआ। फाइनल क्रिकेट का मुकाबला झूसी गंगापार और नौगवां यमुनापार गांव टीम के बीच खेला गया। टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी झूसी की टीम ने 10 ओवर में छह विकेट पर 128 रन बनाए। जिसमे संस्कार ने 26 रन की पारी खेली। जबाब में नौगवां की टीम 10 ओवर में आठ विकेट पर 125 रन बना कर जीत का चार रन ना बना पाने पर झूसी की टीम ने तीन रन से जीत का लक्ष्म हासिल किया। सैकेंड टीम नौगवां गांव के अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाडी सस्कार को मैन आफ द मैच पुरुस्कार दिया गया। जीत हासिल करने वाली झूसी टीम



के कैप्टन सुरेंद्र कुमार बिन्द व टीम के लोगों को मुख्यअथिति के रूप में जिला पंचयात प्रत्याशी कौंधियारा वार्ड नंबर 57 से श्रीराम बिन्द , प्रधान उग्रसेन बिन्द ने माल्यार्पण मेडल पहना कर ट्राफी और 10051 रुपया का पुरुस्कार दे कर सम्म्मान बढ़ाया गया। वाही सैकेंड नौगवां गांव टीम के कैप्टन विवेक मिश्रा को 5051 रुपया सील्ड मेडल दे कर सम्मानित किया गया। श्रीराम बिन्द ने बताए की खेल से युवाओं को शारीरक मानसिक निरोग शरीर और आपसी में भाईचारा का प्रेम बढ़ता है। ओयोजककर्ता गंगाधर बिन्द ने बताया की दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता बड़े ही शांति ढंग से सम्पन्न हुआ जिसमें आये हुई सभी टीमें संतुष्ट रही और ईमानदारी के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता कराया गया। इस अवसर पर कार्यकर्त्ता राजधर बिन्द, शशिधर बिन्द, कोटेदार बजरंगी बिन्द, राजकुमार, सुनील कुमार, लवकुश बिन्द, चन्द्रसेन बिन्द, संतोष कुशवाहा, डा. नवीन चन्द्र एवं सैकड़ो की संख्या में मौजूद दर्शकों ने क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रशांसा की।

# रेलवे माल गोदाम श्रमिकों को मिलेगा समान काम समान वेतन का अधिकार : अरुण कुमार पासवान

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के एफसीआई रोड स्थित एक स्थानीय गेस्ट हाउस में गुरुवार को भारतीय रेलवे मॉल गोदाम श्रमिक संगठन का एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में हजारों लोग शामिल हुए नैनी, इरादतगंज, बनारस, गोरखपुर, कानपुर, झांसी समेत कई जगहों से आए हुए मॉल गोदाम के श्रमिक उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय शासन द्वारा श्रमिकों की 13 सूत्रीय मांगों पर अपनी सहमति दिए जाने पर श्रमिकों को जागरूक करने पर चर्चा हुई। देशभर के मॉल गोदाम में बड़ी संख्या में मजदूर असंगठित रूप में काम करते हैं। जिनकी 13 सूत्रीय मांगों पर भारतीय रेलवे



मॉल गोदाम संगठन 1998 से संघर्ष कर रहा था। जिसे केंद्रीय सरकार ने अपनी सहमति दे दी है। यह सम्मेलन संगठन द्वारा श्रमिकों को जागरूक करने के लिए था। जिसके माध्यम से श्रमिकों के हित में उत्पन्न हालात पर सभी को जानकारी दी गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार पासवान ने बताया कि सरकार ने श्रमिकों की बहुप्रतीक्षित 13 सूत्रीय मांगों जिनमें शामिल मेडिकल सुविधा, सामान कार्य सामान वेतन, शिक्षा, रेलवे पास, कैंटीन की व्यवस्था, शौचालय जैसी मांगों पर अपनी सहमति दे दी है। जिससे अप्रैल में लागू किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। देश भर में ऐसे सम्मेलन के माध्यम से श्रमिकों को जागरूक करने के साथ ही आवश्यक कागजात की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार, राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार के साथ प्रयागराज जोन अध्यक्ष लाल बहादुर यादव, जोन प्रभारी



चंद्रहास पहलवान, डिवीजन अध्यक्ष आकाश बाबू, डिवीजन संगठन मंत्री धीरेंद्र कुमार, डिवीजन सचिव विजय कुमार गुप्ता, डिवीजन प्रभारी बादशाह कुमार, डिवीजन कोषाध्यक्ष संध्या प्रजापति, नैनी माल गोदाम अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार मन्नू, मिजार्पुर माल गोदाम अध्यक्ष नीरज सिंह पटेल, इरादतगंज माल गोदाम अध्यक्ष त्रिभुवन पटेल, झांसी डिविजन जॉइंट सेक्रेटरी कुन्ज बिहारी यादव, जोन उपाध्यक्ष लालजी विश्वकर्मा समेत हजारों की संख्या में मॉल गोदाम श्रमिक मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम फूलपुर को सौंपा ज्ञापन, जन समस्याओं के समाधान की किया मांग

**सहसों।** कांग्रेस गंगापार के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की प्रभावी बहाली, एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण अधिनियम की कमियों तथा अन्य जनसमस्याओं को लेकर गुरुवार को तहसील प्रांगण फूलपुर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत उपजिलाधिकारी फूलपुर को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदया के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है तथा शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते जनता ने भाजपा सरकार



को सत्ता से बाहर नहीं किया तो देश गंभीर संकट की ओर चला जाएगा, जबकि भाजपा के मंत्री, विधायक और सांसद सत्ता का लाभ उठाते रहेंगे। विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार किसान, मजदूर, छात्र और नौजवान विरोधी है। सरकार केवल अपने वोट बैंक के लिए काम कर रही है, जबकि आम जनता गरीबी और महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुनील पाण्डेय ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, पूर्व प्रत्याशी सायरा आयशा, महासचिव सूफिया बानो, डॉ. अमर सिंह पटेल, गिरधारी लाल गौतम, राजेश पटेल, सुरेश पटेल, मो. शमीम, शफीक हाफिज, श्याम जी धुरिया, शिव प्रसाद मौर्य, सहाना बेगम, दीप माला, पुष्पा चौधरी, सुनीता देवी, सरिता देवी, सितारा देवी, सुशीला देवी, संगीता देवी, मो. सूफी, सचई प्रधान, दुन्ने, हृदयानन्द यादव, राजा राम विश्वकर्मा, धीरज पटेल, संजय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, राजापुर कपरकुचवा में चार लोगों पर एफआईआर दर्ज

**मांडा।** थाना क्षेत्र के राजापुर कपरकुचवा गांव में पुरानी रंजिश और जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर मांडा पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राजापुर कपरकुचवा निवासी सविता देवी पत्नी बृजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि सुशील कुमार पुत्र प्रभु नाथ, लक्ष्मी पुत्री महेंद्र कुमार, सीता देवी पत्नी संदीप कुमार और फूलकुमारी पत्नी राजेंद्र ने पुरानी रंजिश और जमीनी विवाद के चलते उनके साथ मारपीट की। इस घटना में सविता देवी को चोटें आई हैं। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# माघ मेला क्षेत्र में चला विधिक जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक से साइबर अपराध पर किया गया सचेत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं को उनके विधिक अधिकारों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री सत्य प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शशि कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

मेला क्षेत्र में आयोजित शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला एवं बाल अधिकार, साइबर अपराध से बचाव सहित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई। इसी क्रम में शंभू नाथ विधि कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी, फर्जी




कॉल और डिजिटल लेनदेन में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में सरल भाषा में जागरूक किया।

विधि छात्रों द्वारा आगामी 14 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में भी मेला क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग अपने विवादों का त्वरित एवं सुलभ निस्तारण करा सकें।

इसके अतिरिक्त, 22 फरवरी 2026 को नवाबगंज तहसील सोरांव में प्रस्तावित मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा सहायता शिविर के बारे में भी आम जनमानस को अवगत कराया गया। इस दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में शंभूनाथ विधि विद्यालय की ओर से श्री जीवेश दुबे, श्री सतपाल, श्वेता राय, अनुकृति पाण्डेय सहित पारा विधिक स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री शशि कुमार द्वारा दी गई।

# ग्राम सभा खेरूवा में मनरेगा भ्रष्टाचार की जाँच पर सवाल

### जाँच टीम के न पहुँचने और प्रधान से मिलीभगत कर आख्या लगाने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** विकास खण्ड सैदाबाद की ग्राम सभा खेरूवा में मनरेगा योजना के अंतर्गत भारी अनियमितताओं की आरोपों की शिकायत पर गठित जाँच समिति की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतकर्ता दिलीप प्रजापति (जिला मंत्री) भाजपा (पि.मो.) ने आरोप लगाया है कि ब्लॉक स्तर से गठित तीन सदस्यीय जाँच समिति निर्धारित तिथि और समय पर मौके पर नहीं पहुँची और बाद में ग्राम प्रधान से मिलीभगत कर शिकायतकर्ता को बिना किसी सूचना के बयान दर्ज किए बिना आख्या रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया गया।

शिकायतकर्ता दिलीप प्रजापति के अनुसार, पूर्व में दयाशंकर पटेल द्वारा




फर्जी जाँच रिपोर्ट लगाया गया था जिससे शासन में शिकायत करने पर पुनः जाँच के आदेश हुए। प्रमुख सचिव ग्राम विकास विभाग, लखनऊ को की गई शिकायत के बाद खण्ड विकास अधिकारी सैदाबाद द्वारा तीन सदस्यीय जाँच समिति गठित की गई थी, जिसमें अखिलेश तिवारी, साकेत शुक्ला और राकेश यादव (जेई रेड) को नामित किया गया था। समिति को 24 नवम्बर को सुबह 11 बजे ग्राम खेरूवा पहुँचकर भौतिक सत्यापन करना था। इसके लिए ग्रामीणों को पूर्व में सूचना भी दी गई थी।

दिलीप प्रजापति का कहना है कि तय समय पर जाँच टीम बिना किसी सूचना के मौके पर नहीं पहुँची। काफी देर तक इंतजार के बावजूद कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद शिकायतकर्ता को बिना सूचना दिए, ग्राम प्रधान से मिलीभगत कर गुपचुप तरीके से जाँच आख्या तैयार कर शासन को भेज दी गई। शिकायतकर्ता को मालूम ही नही

**मुख्यमंत्री से शिकायत, पुनः जाँच की मांग**

आख्या रिपोर्ट की जानकारी मिलने के बाद शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव ग्राम विकास विभाग को पत्र भेजकर जाँच समिति के सदस्यों पर प्रधान से मिलीभगत व असत्य रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाते हुए विभागीय कार्यवाही की मांग की है। साथ ही खेरुवा ग्राम प्रधान के विरुद्ध जिला स्तरीय स्वतंत्र टीम गठित कर पुनः निष्पक्ष जाँच कराने की मांग की गई है। इस घोटाले में प्रधान के साथ ब्लाक पंचायत सचिव की मिलीभगत होने कारण उन्हें बचाने के लिए ब्लाक टीम द्वारा निष्पक्ष जाँच नही की जा रही है

**मनरेगा में गंभीर अनियमितताओं का आरोप**

शिकायत में ग्राम प्रधान पर पिछले पाँच वर्षों में मनरेगा योजना के अंतर्गत व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। इनमें फर्जी जॉब कार्ड बनवाना, निर्माण कार्यों में हेराफेरी, तालाब खुदाई में अनियमितता, वृक्षारोपण कार्यों में घोटाला, अधूरे एवं गैर-मानक कार्यों का भुगतान शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि इन अनियमितताओं से सरकारी धन की लाखों रुपये की वित्तीय क्षति हुई है।

**ग्रामीणों में आक्रोश**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष एवं पारदर्शी जाँच नहीं कराई गई तो वे आंदोलन और प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान नरेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार, राहुल, अंकित सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी

**जंघई।** छोटा कठार गांव निवासी पंडित हरिश्चंद्र पांडेय के निवास पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकारों एवं संगीतकारों द्वारा प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान किया गया। श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है परिवार, समाज की मंगल कामना हेतु किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है। जीवन की किसी भी शुभ शुरूवात के लिए लोग अखंड रामायण का पाठ करवाते हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के गुणों का बखान करने वाली श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ बहुत ही शुभकारी एवं मंगलकारी होता है। इस अवसर पर आचार्य नित्यानंद शुक्ल, पंडित



मुरारी पांडेय, सुरेश चंद्र पांडेय, रमेश चंद्र पांडेय, चंद्र प्रकाश पांडेय, चंद्र प्रकाश पांडेय, रवि शंकर पांडेय, ओम प्रकाश पांडेय, विनय कुमार पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, दिनेश कुमार पांडेय, दिलीप कुमार पांडेय, आशु इंजीनियर, संतोष इंजीनियर, सुशील, सचिन, पंकज, अनुज, हर्ष, शिवम, रितिक, अर्पित, हर्षित, कपिल देव तिवारी, लल्लन पांडेय, ब्रह्मदेव पांडेय, मुकेश तिवारी, समाजसेवी बाबा तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण को लेकर डीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली में दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 निर्धारित है, जिसमें अब केवल एक दिन शेष है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से अधिक से अधिक अर्ह मतदाताओं के फार्म-6 भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि उनका नाम 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो सके। डीएम ने कहा कि 1 जनवरी 2026 के अलावा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी फार्म-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से नए मतदाता जोड़ने में सहयोग करने और बीएलओ से समन्वय स्थापित कर फार्म-6, अनुलग्नक-4 एवं घोषणापत्र सहित जमा कराने का अनुरोध किया।

बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया कि जिले में कुल 35,36,555 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से 32,47,898 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है, जबकि 2,88,657 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में हैं। इन मामलों की सुनवाई संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आयोग के निदेर्शानुसार विभिन्न प्रकार की विसंगतियों, जैसे नाम की वर्तनी में त्रुटि, एक व्यक्ति की कई मतदाताओं से मैपिंग, माता-पिता या दादा-दादी की आयु में असामान्य अंतर जैसी स्थितियों के आधार पर 7,73,778 मतदाताओं को लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की श्रेणी में चिह्नित किया गया है। ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने पर बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर बीएलओ एप के माध्यम से त्रुटियों को सुधारा जा रहा है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि नो-मैपिंग और लॉजिकल विसंगति श्रेणी के अंतर्गत कुल 10,62,435 नोटिस जारी किए जाने हैं। इनमें से 5 फरवरी 2026 की पूर्वाह्न 10 बजे तक 9,31,855 नोटिस जेनरेट किए जा चुके हैं, जबकि 1,70,300 नोटिस मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। वहीं 43,518 मामलों की सुनवाई भी पूरी की जा चुकी है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक 1,53,407 फार्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न रहे और सभी पात्र नागरिकों का नाम अवश्य शामिल हो, इसके लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का अधिक से अधिक पंजीकरण कराया जाए।

बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम गाजीपुर 5 सप्ताह में कारण सहित आदेश करें पारित, सांसद अफजाल की पत्नी के कुर्क मकान का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी फरहत अंसारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए डीएम गाजीपुर को पांच हफ्ते में कारण सहित आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क मकान को लेकर जारी हुआ है। दरअसल 2022 में अफजाल अंसारी की पत्नी के लखनऊ स्थित मकान को 2022 में कुर्क किया गया था। जिसको खोलने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था, आदेश के बावजूद न खोले जाने को फरहत ने चुनौती दी थी।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्तार अंसारी के भाई और गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी फरहत अंसारी की एक याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने डीएम गाजीपुर को पांच हफ्ते के भीतर सकारण आदेश पारित करने का निर्देश देते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया। याचिका में फरहत अंसारी ने लखनऊ स्थित अपने आवासीय मकान को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किए जाने के खिलाफ गाजीपुर जिला प्रशासन की कार्रवाई को चुनौती दी थी। अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने फरहत की तरफ से पक्ष रखा। मामले की सुनवाई जस्टिस सीडी सिंह की एकल पीठ ने की।

**कोर्ट ने माना- गैंगस्टर से अर्जित संपत्ति नहीं**

गाजीपुर की गैंगस्टर कोर्ट ने सात अप्रैल 2025 को आदेश दिया था कि लखनऊ का यह आवासीय मकान गैंगस्टर से अर्जित संपत्ति नहीं माना जाता है। कोर्ट ने डीएम गाजीपुर को 30 दिनों के अंदर मकान को खोलने का खोलवाने का आदेश दिया था। इस आदेश के बावजूद डीएम गाजीपुर ने मकान को नहीं खुलवाया। जिसके चलते फरहत अंसारी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

गाजीपुर डीएम ने 23 अक्तूबर 2022 को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत इस लखनऊ स्थित मकान को कुर्क किया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि गैंगस्टर कोर्ट के फैसले के बाद भी प्रशासन द्वारा आदेश की अवहेलना की जा रही है।

## यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी, 2719 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चयनित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षाझ्र2024 की मुख्य (लिखित) परीक्षा का परिणाम बुधवार देर रात घोषित कर दिया। मुख्य परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों में से 2719 को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। आयोग के अनुसार परिणाम आधिकारिक वेबसाइट ४स्र्स्र२.४स्र.ल्लू.ल्ल पर उपलब्ध है।

आयोग द्वारा कुल 947 पदों पर भर्ती की जानी है। इसके लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन वर्ष 2025 में 26 जून से 2 जुलाई तक लखनऊ और प्रयागराज के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। मुख्य परीक्षा में कुल 13,776 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

पीसीएस भर्ती के अंतर्गत 24 प्रकार के पद शामिल हैं। इनमें से एक श्रेणी के 60 पद ऐसे हैं, जिन पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाना है। हालांकि इन पदों का परिणाम अंतिम चयन परिणाम के साथ घोषित किया जाएगा। शेष 887 पदों पर चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा, जिसके सापेक्ष 2719 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि साक्षात्कार कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत सूचना समय से आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। परिणाम घोषित होने के बाद सफल अभ्यर्थियों में खुशी का माहौल है, वहीं अन्य अभ्यर्थी अगली परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए हैं।

## वरिष्ठ नेता दिनेश चंद्र श्रीवास्तव के निधन पर शोक सभा, नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

**नैनी।** नैनी गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता स्वर्गीय दिनेश चंद्र श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर नैनी में एक शोक सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह शोक सभा कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की कामना की। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, रामजी श्रीवास्तव, बाबूजी यादव, बृजेश नारायण, गुलाब कुशवाहा, जगदीश यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय दिनेश चंद्र श्रीवास्तव के सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। उनके निधन से क्षेत्र ने एक कर्मठ और जनसेवी नेता को खो दिया है। शोक सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों को मिला करियर का मार्गदर्शन, सेना की पहल से हुआ काउंसलिंग कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले छात्रों को करियर को लेकर सही दिशा देने के उद्देश्य से शहर के जगत तरन गोल्डन जुबली स्कूल के ऑडिटोरियम में करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को पढ़ाई और भविष्य के करियर से जुड़े अहम निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

यह कार्यक्रम भारतीय सेना के सिलेक्शन सेंटर ईस्ट तथा रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत पब्लिक रिलेशन्स ऑफिस, प्रयागराज की संयुक्त आउटरीच पहल के तहत आयोजित किया गया, जिसका संचालन यूफोरियल यूथ सोसाइटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10 के बाद विषय चयन, उच्च शिक्षा के अवसरों, करियर





प्लानिंग और जीवन कौशल के विकास को लेकर छात्रों को व्यवस्थित जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेजर जनरल धर्म राज राय ने छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, लक्ष्य की स्पष्टता और चुनौतियों के प्रति लचीलापन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल परीक्षा परिणाम ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक व्यक्तिगत विकास, ईमानदारी, जिम्मेदारी और समाज सेवा जैसे मूल्यों को अपनाकर ही एक सार्थक करियर का निर्माण किया जा सकता है। उनके प्रेरणादायक संबोधन से छात्र अपने भविष्य को लेकर गंभीर और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित हुए। इस कार्यक्रम में सीबीएसई, आईसीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड से जुड़े विभिन्न स्कूलों के लगभग 300 छात्र, एनसीसी कैडेट्स और शिक्षक शामिल हुए। जगत तरन गोल्डन जुबली स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सुष्मिता कानूनगो ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस पहल की सराहना की और छात्रों के हित में ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया।

इंटरएक्टिव सत्रों और चर्चा के दौरान छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों, उभरते अवसरों और अपनी रुचि व क्षमता के अनुरूप करियर चयन के महत्व की व्यावहारिक जानकारी दी गई। आयोजकों और शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम परीक्षा के समय छात्रों के मानसिक दबाव को कम करने में सहायक होते हैं और उनमें आत्मविश्वास व स्पष्टता पैदा करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहभागी संस्थानों, शिक्षकों, एनसीसी कैडेट्स और छात्रों का आभार जताया। यह पहल युवाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## फर्जीवाड़ा मामले में केस दर्ज होने पर हल्का लेखपाल ने किया आरोपी से सांठ गांठ

### मेजा थाने में दर्ज मुकदमें के विवेचक द्वारा बार बार बुलाने के बाद भी लेखपाल काट रहा है कन्नी,पीड़ित प्रधान रामधारी बिंद ने एसडीएम मेजा को दिया शिकायती पत्र

**मेजा।** सहज जनसेवा केंद्र संचालक द्वारा ग्राम प्रधान मेडरा का फर्जी लेटर पैड तैयार कर उस पर प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर कर आय जाति एवं निवास हेतु अवैध ढंग से सत्यापन प्रमाण पत्र पर हल्का लेखपाल की आख्या रिपोर्ट के लिए भेजे गए फार्म जिसे लेखपाल द्वारा अवैध एवं फर्जी बताते हुए निरस्त कर दिया गया था और लेखपाल के द्वारा ही इस फजीर्वाड़े की जानकारी प्रधान को दी गई थी जिस पर उक्त सहज जनसेवा संचालक के विरुद्ध थाना मेजा में ग्राम प्रधान द्वारा अभियोग पंजीकृत कराने के मामले में आरोपी से साठ गांठ कर अब हल्का लेखपाल द्वारा अपना बयान अंकित कराने में आना कानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर पीड़ित प्रधान ने एसडीएम मेजा को शिकायती पत्र देकर हल्का लेखपाल को दर्ज मुकदमें में अपना बयान दर्ज कराने की गुहार लगाई है। प्रकरण विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत मेडरा का है।



रामधारी बिंद (कल्लू नेता)

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विकास खंड के ग्राम पंचायत मेडरा के वर्तमान प्रधान रामधारी बिंद उर्फ कल्लू नेता ने एसडीएम मेजा को दिए गए शिकायती पत्र में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि तहसील क्षेत्र के जमुआ में संचालित सहज जनसेवा केंद्र के संचालक राजीव बिंद उर्फ राजू बीते कुछ दिनों पूर्व आय जाति एवं निवास तथा अन्य दस्तावेज बनवाने के लिए उनका डुप्लीकेट लेटर पैड तैयार कर उस पर उनका फर्जी हस्ताक्षर बनाकर इस्तेमाल कर रहा था। शिकायती पत्र में प्रधान रामधारी ने इस बात का भी जिक्र किया है कि उन्हें इस फजीर्वाड़े की जानकारी तब हुई जब उक्त सहज जनसेवा संचालक कविता देवी पत्नी रोहित नामक महिला का निवास प्रमाण पत्र जारी करने हेतु स्वयं के द्वारा तैयार किए गए प्रधान का फर्जी लेटरपैड मोहर और उस बना उनका फर्जी हस्ताक्षर का सत्यापन प्रमाण पत्र हल्का लेखपाल प्रमोद मिश्रा के पास आख्या रिपोर्ट हेतु भेजा। प्रधान रामधारी के अनुसार हल्का लेखपाल प्रमोद मिश्रा ने बीते 6 नवंबर 2025 ई को अपने वाडसअप से कोड नंबर 251750020366178 भेजा था। प्रकरण के बाबत प्रधान की बातों को सच माना जाय तो उनके अनुसार फजीर्वाड़े की सत्यता सामने आने पर उन्होंने थाना मेजा में सहज जनसेवा संचालक के विरुद्ध मु.अ.स. 21/2026 दर्ज कराया है जिसकी विवेचना प्रचलित है। एसडीएम मेजा को दिए गए शिकायती पत्र में प्रधान का आरोप है कि थाना मेजा में दर्ज उक्त मुकदमें के मुख्य साक्षी हल्का लेखपाल प्रमोद मिश्रा हैं लेकिन वे इन दिनों आरोपी से सांठ गांठ कर लिए हैं जिसके कारण उक्त मुकदमें में अपना बयान अंकित नहीं करा रहे हैं जबकि मुकदमें के विवेचक द्वारा बार बार बयान अंकित कराने हेतु बुलाया जा रहा है।

## ट्रक में नकाब फंसने से बाइक सवार महिला सड़क पर गिरी, मौके पर हुई मौत

प्रयागराज। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में प्रयागराज गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उप मंडी स्थल के सामने गुरुवार दोपहर में दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की जान चली गई जबकि बाइक चला रहा उसका भाई घायल हो गया। इस दुखद घटना में बाइक सवार दोनों बच्चे सुरक्षित बच गए। फूलपुर कस्बे के अंसार नगर मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय तबस्सुम बेगम अपने भाई अख्तर और दो बेटियों के साथ बाइक पर प्रयागराज शहर से दवा लेकर फूलपुर अपने घर वापस आ रही थीं। दोपहर बाद लगभग तीन बजे उनकी बाइक फूलपुर उप मंडी स्थल के सामने पहुंची तभी पीछे से गैस सिलेंडर लादकर आ रहे ट्रक में तबस्सुम का नकाब फंस गया। बाइक असंतुलित होने से अख्तर और दोनों बच्चे बाइक सहित सड़क की बायीं तरफ गिरे। अख्तर को हल्की चोटें आईं जबकि दोनों बच्चियां सुरक्षित रहीं। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने तबस्सुम को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि तबस्सुम की शादी थाना थरवई क्षेत्र के कुसूगुर गारापुर निवासी मोहम्मद जमील के साथ हुई थी। जमील सऊदी अरब में रहकर सैलून में काम करता है। तबस्सुम करीब एक सप्ताह पहले अपने मायके आई थीं।

## बजट को लेकर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने वित्तमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात, दी बधाई

### कहा - राष्ट्र के समग्र विकास को अभूतपूर्व गति देने वाला है यह बजट,आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने बजट को विकासोन्मुखी और सर्वस्पर्शी बजट बताया,प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने वाला बजट बताया





प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता



प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम

**मेजा।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत सरकार के तेज तरार्का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा रामदास आठवले मंत्रिमंडल की वरिष्ठ सहयोगी श्रीमती निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार मुलाकात की और उनके द्वारा राष्ट्र के समग्र विकास को अभूतपूर्व गति देने के उद्देश्य से विकासोन्मुखी एवं सर्वस्पर्शी बजट प्रस्तुत करने को लेकर आभार जताते बधाई दिया। इस दौरान उन्होंने किसान, गरीब, मध्यम वर्ग,महिला और बच्चों की शिक्षा,पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक प्रत्येक क्षेत्र को समाहित करते बजट पर विस्तृत चर्चा करते हुए देश के यशश्वी पीएम मोदी को भी बधाई दिया। इसी क्रम में आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने भी बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीएम मोदी और केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण आभार जताते हुए सराहना किया और संसद में पेश इस बजट को युवा समर्पित और आत्मनिर्भर विकसित भारत बनाने वाला बजट बताया। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि सरकार का यह केंद्रीय बजट देश युवाओं के साथ साथ मध्यम वर्ग को सशक्त करने वाला ऐतिहासिक बजट है। आरपीआई के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने आम बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में देश पीएम मोदी,गृहमंत्री अमितशाह,और वित्तमंत्री की बेहद प्रशंसा किया और और इस बजट को मध्यम वर्ग के लोगों को बड़ी राहत पहुंचाने वाला बजट बताया है। श्री गौतम ने प्रयागराज में औद्योगिक नोड के लिए विशेष पैकेज देने पर संपूर्ण प्रयागराज वासियों की ओर से वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए इस ऐतिहासिक बजट का स्वागत एवं अभिनंदन किया है।

## कोडीन कफ सिरप तस्करी का सरगना गिरफ्तार प्रयागराज से कानपुर तक फैला था नेटवर्क

**प्रयागराज।** कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मो. सैफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह अपने भाई फैजुर रहमान के साथ मिलकर लंबे समय से नशीले कफ सिरप की तस्करी का संगठित नेटवर्क चला रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रयागराज में मेसर्स एमके हेल्थकेयर और वाराणसी में पीडी फार्मा के नाम से फर्जी फर्में खोलकर कोडीनयुक्त कफ सिरप की सप्लाई की जा रही थी। आरोपी ने इन फर्मों के जरिए बड़ी मात्रा में कफ सिरप की खरीद कर उसे अवैध रूप से बाजार में खपाया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि आरोपी का भाई फैजुर रहमान वाराणसी में इसी तरह की गतिविधियों में संलिप्त था, जिसे वाराणसी पुलिस 23 जनवरी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**तीन जिलों तक फैला था तस्करी का जाल**

पुलिस के अनुसार, दोनों भाइयों का नेटवर्क सिर्फ प्रयागराज तक सीमित नहीं था, बल्कि वाराणसी और कानपुर तक फैला हुआ था। प्रयागराज के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र और वाराणसी के सारनाथ इलाके में स्थित फर्जी फर्मों के जरिए कफ सिरप की खरीद-फरोख्त की जाती थी। पुलिस का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त कफ सिरप का लेन-देन सामान्य व्यापार नहीं, बल्कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़ा है।

**वाराणसी पुलिस भी कर रही थी तलाश**

मो. सैफ की तलाश वाराणसी पुलिस भी कर रही थी। अब उसकी प्रयागराज से गिरफ्तारी के बाद वाराणसी पुलिस भी संबंधित मुकदमे में कार्रवाई की तैयारी कर रही है। पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई चैन का खुलासा किया जाएगा। एयरपोर्ट थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि मो. सैफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य संदिग्धों और फर्जी फर्मों की भूमिका की गहन जांच जारी है।

## राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

### प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं फायर ब्रिगेड प्रभारी मेजा राजेंद्र कुमार तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ-



**मेजा।** राजकीय महिला पॉलीटेनिक मेजा में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार तिवारी प्रभारी फायर स्टेशन मेजा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यापर्णन कर शुभारंभ किया। संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत कैप एवं बैच लगाकर किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली संस्था की छात्राएं 100 मीटर दौड़, 200 मीटर, 400 मीटर तथा 800 मीटर एवं लम्बी कूद, ऊंची कूद, भाला फेक तथा गोला फेक आदि में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के समक्ष हुई 800 मीटर दौड़ में ममता कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष,प्रीति यादव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष तथा स्वेता विश्वकर्मा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान 800 मीटर दौड़ की सभी विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के इस मौके पर विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग नवीन चन्द्र भारीव, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग डॉ विनोद कुमार त्रिपाठी, सुनीता कुमारी शाह, डॉ धनंजय कुमार सिंह, डॉ त्रिलोक कुमार पाठक, मोनिका मौर्य, श्रद्धा श्रीवास्तव, माया दिवाकर, मनोज कुमार, पीयूष कुमार मिश्रा, डॉ रंजीत श्रीवास्तव, अभिजीत सिंह, गौरव उत्तम, सुश्री सुजाता चंद्रा, राजेश कुमार तथा अनामिका आदि के अलावा संस्था के स्टाफ और सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बच्चों को अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** बच्चों को अश्लील वीडियो दिखाने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय टींसू केसरवानी के रूप में हुई है। उसे मुट्ठीगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी बच्चों को अपने पास बुलाकर उन्हें मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाता था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपी को पकड़ लिया। मुट्ठीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी इस तरह की गतिविधियों में कब से शामिल था और क्या इसके पीछे कोई और भी है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चार पहिया वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर नाजुक मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाइक से जा रहे युवक को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की हालत नाजुक बताई जारही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम नौगिरा निवासी मोहम्मद फिरोज का कहना है कि उसका भाई बाइक से कस्बा मऊआइमा आ रहा था। सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने बाइक सवार मोहम्मद फारूक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिससे नाजुक हालत में एस आर एन में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने फिरोज की तहरीर पर अज्ञात चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कीडगंज में 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में, पीड़िता एसआरएन रेफर

**प्रयागराज ।** कीडगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने वारदात को अंजाम दिया। कीडगंज थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। सोमवार रात परिजनों को बेटी के साथ दुष्कर्म की बात पता चली। अग्ली सुबह मंगलवार को परिजन बेटी को लेकर डफरिन अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।पुलिस के मुताबिक, आरोपी युवक किराये के कमरे में रहकर पटरी पर फास्ट फूड की दुकान लगाता है। कीडगंज थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अभी तक लिखित तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण क्षेत्र श्वान प्रबन्धन समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** निराश्रित श्वानो की बढ़ती समस्या और उससे जुड़ी जन-सुरक्षा व जन स्वास्थ्य सम्बन्धी चिंताओ को लेकर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जिला ग्रामीण क्षेत्र श्वान प्रबन्धन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। निराश्रित पशुओं के प्रबंधन को लेकर व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई, इसके तहत जनपद स्तर पर एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया, समिति में जिलाधिकारी को अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी को उपाध्यक्ष तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समिति का सदस्य नामित किया गया है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को डीएम ने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत स्तर पर निराश्रित श्वानों का चिन्हांकन किया जाये तथा प्रत्येक क्षेत्र पंचायतो व जिला पंचायत में 1-1 केटल कैचर की व्यवस्था की जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि श्वानों के चिन्हांकन के उपरान्त एबीसी (एनिमल बर्थ कन्ट्रोल) कार्यक्रम के तहत बधियाकरण व टीकाकरण की कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि पालतू श्वानों को छोड़कर जो आवारा/निराश्रित श्वान है उन्हीं का चिन्हांकन किया जाये। निराश्रित श्वानो हेतु आवश्यकतानुसार क्षेत्र पंचायतध्जिला पंचायत स्तर पर श्वान गृह का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुरूप कराया जाये। स्वान घर के निर्माण में वांछित धनराशि का उपयोग क्षेत्र पंचायतध्जिला पंचायत के मद से किया जाये। निराश्रित श्वानों का आवास संस्थानों अथवा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के आस पास न हो। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन किया जाये। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र पाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएँ 9 से 14 फरवरी तक

## 5 परीक्षा केंद्रों पर होंगे 1228 परीक्षार्थी शामिल

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि उ०प्र० मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशीध्मौलवी (सेकेण्डरी) तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) की परीक्षा 09 फरवरी से 14 फरवरी तक सम्पन्न होनी है, जिसके लिए जनपद में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित नियमावली को ध्यान में रखते हुए, छात्रहीत में एम०एच०इ0का० बरई कुण्डा, मदरसा मुह्यूयुल इस्लाम मकई मझवारा बाबूगज, रूबाउन निशा इ०का० सगरा सुन्दरपुर तथा टॉस कालेज आफ फामेर्शी प्रतापगढ़ सिटी, मदरसा गुलिस्तां निस्वां मिजार्पुर चैहारी प्रतापगढ़ सहित कुल 05 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण एल०आइ०यू० तथा सम्बन्धित एस०डी०एम० स्तर की जाँच रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। उन्होने बताया है कि मुंशीध्मौलवी (सेकेण्डरी, अरबी तथा फारसी) की परीक्षाएं प्रथम पाली प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे सम्पन्न होंगी, जिसमें कुल 975 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे तथा आलिम (सीनियर सेकेण्डरी, अरबी तथा फारसी) की परीक्षाएं द्वितीय पाली अपरान्ह 2:00 बजे से 5:00 बजे तक सम्पन्न होंगी, जिसमें कुल 253 परीक्षाथीर्यों समेत मदरसा बोर्ड की परीक्षा वर्ष 2026 में जनपद से कुल 1228 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के नकलविहीन, सुचितापूर्ण संचालन हेतु परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण एवं प्रभावी पर्यवेक्षण किये जाने हेतु जनपद स्तर पर सचल दल, आन्तरिक निरीक्षण दस्ते तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट जिलाधिकारी के द्वारा नामित किये गये है। परीक्षा सी०सी०टी०वी०/वेबकास्टिंग की निगरानी में सम्पन्न की जायेगी। परीक्षाथीर्यों की सुविधा हेतु परीक्षा की समय सारणी परिषद के मदरसा पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

# विनियमन शुल्क जमा न करने पर होगी कार्रवाई

**प्रतापगढ़।** मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रभारी अधिकारी खनन अजय कुमार तिवारी ने बताया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ईंट-भट्ठों के संचालन को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं कि जिन ईंट-भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि अग्रिम रूप से जमा किये ईट भट्ठा का संचालन नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 4 फरवरी को जनपद के समस्त ईंट-भट्ठा स्वामियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें बकाया विनियमन शुल्क तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना विनियमन शुल्क जमा किए ईंट-भट्ठों पर पथाई का कार्य किया जाना नियमों का उल्लंघन है।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना विनियमन शुल्क जमा प्रमाण-पत्र के ईंट मिट्टी का परिवहन अवैध माना जाएगा। ऐसे मामलों में उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम-3, 21(2), 42(ङ) एवं 59(2) के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित ईंट-भट्ठा स्वामियों की होगी। इसलिए सभी संचालित ईंट-भट्ठों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल विनियमन शुल्क जमा कर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## बंद घर से जेवरात चोरी

**प्रतापगढ़।** परिवार के सदस्य पर जेवरात चोरी का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के घूरीपुर गांव की प्रीती देवी पत्नी फूलचंद्र गुप्ता ने गुरूवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ रोजगार के सिलसिले में मुम्बई में रहती है। यहां गांव के मकान में ताला बंद रहता है। पीड़िता का आरोप है कि परिवार का एक सदस्य ताला खोलकर घर में रखे जेवरात कई बार में चुरा लिये। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जेवरात चोरी करके बेंच देने की बात स्वीकार की। पीडिता ने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

# जेआरएफ में चयन पर जतायी खुशी



**लालगंज।** जेआरएफ में सफलता मिलने पर परिवार व क्षेत्र के लोगों ने खुशी जतायी है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत रघवापुर गांव निवासी गजेन्द्रमणि दुबे पुत्र शिवपवन कुमार दुबे का चयन जेआरएफ में हुआ है। मेधावी गजेन्द्रमणि की इस उपलब्धि पर परिवार के लोग गदगद हैं। लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। इस मौके पर साहित्यकार राधेश पाण्डेय, रिटायर्ड कैप्टन घनश्याम पाण्डेय, कैप्टन शिव त्रिपुरारि पाण्डेय, अशोक शुक्ला, उमापति मिश्र, आचार्य शिवदर्शन मिश्र, श्यामशंकर पाण्डेय, उमेश पाण्डेय आदि ने खुशी साझा की।

# मेधावी छात्रों को मिला सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

## कुंडा में दक्ष पब्लिक स्कूल का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**कुंडा।** दक्ष पब्लिक स्कूल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा में पारिवारिक संस्कारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा और उनके चरित्र निर्माण के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा, बच्चों को दुगुर्णों से दूर रखने और उन्हें नैतिक मूल्यों से जोड़ने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर काम करना होगा। विद्यालय के मुख्य सचेतक अमित श्रीवास्तव ने राजा भइया के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान से विद्यालय में विद्यार्थियों के आवागमन और सुचारु विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है, जिससे बच्चों के पठन-पाठन में काफी सुलभता मिली है। समारोह में सुदामा देवी बालिका विद्यालय चतुरगढ़ के प्रबंधक और अधिवक्ता संदीप श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि कविता श्रीवास्तव और अर्चना मौर्य ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। ऑपरेशन सिंदूर कृष्ण लीला और पंजाबी नृत्य जैसे कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुरस्कार पाने वाले मेधावी छात्रों में स्नेहा मिश्र, अर्चिता श्रीवास्तव, प्रखर मिश्र, पंखुड़ी कक्कड़, आशी मौर्य, अवनी शुक्ला, अर्थवेद सोनी, पूर्वी उपाध्याय, बशर अली और एकांक्षी श्री समेत कई छात्र-छात्राएं प्रमुख रहे। बच्चों की मेहनत और प्रतिभा को सराहते हुए अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक राहुल केसरवानी और आर एस शर्मा ने किया। इस अवसर पर राधेश्याम, विजय पांडेय, आशीष सिंह, पंकज श्रीवास्तव, सृष्टि साहू, नेहा केसरवानी, कोमल शुक्ला, जेबा फातिमा, रमा पांडेय, नंदिता जायसवाल, किरण मिश्र, प्रिया शुक्ला, अंजली, अंतिमा शुक्ला, लालिमा मौर्य, अर्चना श्रीवास्तव और रोली केसरवानी समेत कई अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ बोर्ड परीक्षार्थियों का विदाई समारोह



अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा लालगंज में गुरूवार को सीबीएसई बोर्ड के कक्षा बारह के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा बारह के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में बिताये गये अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होने अपने जूनियर छात्र छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कड़ी मेहनत की सलाह दी। वहीं विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, शैक्षणिक नियंत्रक रीमा मिश्रा ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक सुनीता मिश्रा व प्रकाशचंद्र मिश्र ने बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन पर मेधावी छात्र पीयूष मिश्र एवं मेधावी छात्रा रिद्धि त्रिपाठी को मिस्टर व मिस फेयरवेल का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रकाशचंद्र मिश्र ने छात्र छात्राओं को कडी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है। सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं हुआ करता है। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी व संचालन शिक्षक प्रदीप शुक्ल, छात्र अहमद रजा एवं छात्रा अनुश्री शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर शिक्षक हिमांशु शुक्ल, श्यामशंकर मिश्र, अनीता द्विवेदी, प्रकाश त्रिपाठी, राजीव रत्न त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, महावीर सिंह, शैलेन्द्र शुक्ल, रवीन्द्र शुक्ल, मनोज शुक्ला, विवेक पाण्डेय, श्रुति शुक्ला, मंजू शुक्ला, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

# मछली भात खाने से हुई उल्टी-दस्त, अचेत हुए बच्चे

**कुंडा।** मछली भात खाने के बाद एक ही परिवार के तीन बच्चों को उल्टी दस्त होने लगी, इसके बाद वह अचेत हो गए। घबराए परिजन बच्चों को सीएचसी ले गए। इलाज के बाद बच्चे होश में आए तो परिजनों ने राहत की सांस ली। हथिगवां थाना क्षेत्र के सरांय सैद खां गांव निवासी हरिश्चन्द्र सरोज के घर में बुधवार को मछली भात बना तो बच्चों ने खाया। मछली भात खाते ही हरिश्चन्द्र की 16 वर्षीय बेटी प्रियांशी, आठ वर्षीय बेटी प्रिया, 12 वर्षीय बेटा हिमांशु उल्टी दस्त से पीड़ित हो गए। तीनों बच्चे अचेत हो गए तो घबराए परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि तीनों बच्चे मछली भात खाने के बाद बीमार हुए थे, इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर हैं, परिजन बच्चों को घर ले गए।

# प्रदेश के 75 जिला पुस्तकालयों में प्रतापगढ़ ने हासिल किया प्रथम स्थान

**प्रतापगढ़।** अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी 75 राजकीय जिला पुस्तकालयों एवं केन्द्रीय पुस्तकालय प्रयागराज के पुस्तकालयाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 04 फरवरी को शिविर कार्यालय शिक्षा निदेशालय पार्क रोड लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025 में किए गए कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर जनपद प्रतापगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जनपद प्रतापगढ़ के पुस्तकालयाध्यक्ष नसरत अली द्वारा अभिनव प्रयास सदस्य संख्या में वृद्धि तथा पठन-पाठन की अभिरुचि विकसित करने विषय पर एक प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसकी अपर मुख्य सचिव द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। पुस्तकालयाध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के सामूहिक प्रयासों से वर्ष 2025 में पुस्तकालय की सदस्य संख्या में 363 सदस्यों की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। बैठक को शिक्षा निदेशक महेन्द्र देव, विशेष सचिव एवं ओ.एस.डी. (पुस्तकालय) द्वारा भी संबोधित किया गया। अपर सचिव द्वारा पुस्तकालयों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया।

# विद्यालय गया छात्र गायब, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** घर से विद्यालय पढ़ने के लिए गया छात्र गायब हो गया। परेशान परिजन ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मिश्रपुर धनऊ का पुरवा गांव निवासी राज यादव पुत्र रामकुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी को उसका पुत्र राहुल यादव सांगीपुर स्थित एक स्कूल में पढ़ने गया था। घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन छात्र का कहीं पता नही चल सका। थक हारकर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# न्यूज झरोखा

## स्नेह सिंह की सफलता पर जताई खुशी



**पट्टी।** यूजीसी-नेट दिसंबर 2025 परीक्षा परिणाम में जनपद की होनहार बेटी स्नेह सिंह ने प्रथम प्रयास में ही उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिक्षा विषय में उन्होंने 99.02 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त की है। स्नेह सिंह वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों, व्यस्त शैक्षणिक दायित्वों एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के बल पर यह उपलब्धि अर्जित की है। उनकी इस सफलता से राजनीतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षाविदों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे मेहनत, लगन और नारी सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बताया है। स्नेह सिंह की सफलता निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## कार की आमने-सामने हुई टक्कर



**पट्टी।** बेनी प्रसाद सिंह शिक्षण संस्थान भरोखन के समीप गुरुवार दोपहर दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि सौभाग्यवश दोनों कार चालक बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गधियांवा गांव निवासी अविनाश पांडे की कार को उनका एक रिश्तेदार लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान भरोखन स्कूल के पास सामने से आ रही एक अन्य कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों कारों को भारी नुकसान पहुंचा। कार चला रहे युवक ने बताया कि वाहन में ब्रेक फेल हो जाने के कारण वह नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह दुर्घटना घटित हुई। राहत की बात यह रही कि घटना के समय स्कूल के आसपास कोई स्कूली बच्चा या राहगीर सड़क पर मौजूद नहीं था, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस के पहुंचने की बात भी कही जा रही है। फिलहाल दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हैं और मामले की जांच की जा रही है।

## कार व रोडवेज बस में टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री



**पट्टी।** आसपुर देवसरा ढकवा-सोनपुरा बाईपास पर गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार और रोडवेज बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार और बस में बैठे यात्री बाल-बाल बच गए। घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सोनभद्र जिले के रेनुकूट से एक स्विफ्ट कार में सवार नरेंद्र सिंह, अशोक पांडे, मोहन झा, सुरेंद्र सिंह व बब्बन सिंह सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत चैकिया गांव बारात जा रहे थे। गुरुवार दोपहर जब कार ढकवा सोनपुरा बाईपास के पास पहुंची, तभी ढकवा बाजार से सुल्तानपुर की ओर जा रही रोडवेज बस बाईपास से हाईवे पर चढ़ने लगी। कार की गति अधिक होने के कारण चालक नरेंद्र सिंह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके और कार सीधे रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवारों को हल्की-फुल्की चोटें आईं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। रोडवेज बस यात्रियों से भरी हुई थी, यदि बस पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही ढकवा चैकी पर तैनात दरोगा शिवम त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। घटना के कारण कुछ देर तक हाईवे पर आवागमन प्रभावित रहा।

## पूर्व प्रधानाचार्य का निधन, शिक्षकों व पत्रकारों में शोक की लहर



**बेलखरनाथ धाम/पट्टी।** विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के सांगा पट्टी गांव निवासी पूर्व प्रधानाचार्य रमेश तिवारी (64) का लखनऊ में इलाज के दौरान बीती रात निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रमेश तिवारी वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष तिवारी ह्यआंसूह्न के पिता थे। वे बी.एस. इंटर कॉलेज मदाफरपुर से प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए थे। शिक्षण कार्य के साथ-साथ वे लंबे समय तक पत्रकारिता से भी जुड़े रहे और अपने सरल, मिलनसार व व्यवहारकुशल स्वभाव के लिए जाने जाते थे।उनके आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत के साथ-साथ पत्रकारिता जगत को भी अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पत्रकार रंजन त्रिपाठी, रविंद्र मिश्रा, राकेश तिवारी, शिवम पांडेय, विजय पाठक, विनोद तिवारी, बालेंद्र भूषण पांडेय, सत्यानारायण खंडेलवाल, शकील अहमद, ज्ञान सिंह, अजीत तिवारी सहित अनेक पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# हीरागंज रजबहा टूटी फसल जलमग्न

**कुंडा।** हीरागंज रजबहा के टूटने से इलाके के दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा में बोई गई फसल पानी में जलमग्न हो गई। सुबह किसानों की नजर पड़ी तो अवाक रह गए। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बिहार इलाके से गुजरी हीरागंज रजबहा देवगलपुर गांव के सामने ओवरफ्लो होकर बुधवार रात टूट गई। नहर का पानी आगे बढ़ा तो दर्जनों किसानों की सैंकड़ो बीघे में बोई फसल जलमग्न हो गई। इलाके के गिरीशचन्द्र, उमाशंकर, हरिशरण शुक्ल, रविशंकर शुक्ल, कृष्ण कुमार, सूर्य नारायण शुक्ल, दिनेश शुक्ल आदि किसानों ने नहर टूटने और बांधने में देरी होने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही और उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया है।

# दुष्कर्म के आरोप में वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पट्टी।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आसपुर देवसरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी आसपुर देवसरा विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई। थाना आसपुर देवसरा पुलिस टीम में उप निरीक्षक अवधराज यादव, कांस्टेबल अजीत चैहान एवं शिवम राय शामिल रहे। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में वांछित एवं संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने थाना आसपुर देवसरा में पंजीकृत मुकदमा अंतर्गत धारा 352, 351(3), 64(1), 127(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त प्रमोद गौतम पुत्र रामराज गौतम, निवासी ग्राम पूरा, थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ (उम्र करीब 32 वर्ष) को छतौना नहर पुलिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।




## ग्राम पंचायत भावलपुर में रिक्त उचित दर दुकान के लिये 6 मार्च तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह ने बताया है कि तहसील सदर के विकास खण्ड मान्धाता अंतर्गत ग्राम पंचायत भावलपुर में उचित दर दुकान रिक्त है। ग्राम पंचायत में उचित दर विक्रेता के चयन हेतु ईडब्लूएस के लिए आरक्षण निर्धारित है। उचित दर विक्रेता का चयन तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। उचित दर दुकान आवंटन/उचित दर विक्रेता नियुक्ति/ चयन हेतु इच्छुक व्यक्ति व अन्य आवेदन पत्र तहसील सदर के आपूर्ति कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 05.02.2026 की सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 06.03.2026 को सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है।

# कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा, लगे जयकारे

अखंड भारत संदेश



**बेलखरनाथ धाम।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के करनपुर खूंझी गांव में कथा स्थल से बाबा बेलखरनाथ धाम तक कलशयात्रा निकाली गई। इस दौरान सिर पर कलश लेकर चलते श्रद्धालु महिला पुरुष तथा बच्चे जयकारे लगाते हुए चल रहे थे जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा ।

कथा व्यास आचार्य उमेश फलाहारी प्रयागराज की अगुवाई में सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे सिर पर कलश रखकर भक्ति भजनों पर झूमते गाते हुए यात्रा में शामिल हुए । कलशयात्रा करनपुर खूंझी जगदीशगढ़,यहियापुर, खूंझी कला होते हुए बाबा बेलखरनाथ धाम पर समाप्त हुई। कलश यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा की अगुवाई मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद तिवारी ने की, जिसमें मनोज तिवारी, मुकेश तिवारी, संतोष तिवारी, मनीष तिवारी, अंशू तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, रमेश चंद्र तिवारी, धारा शुक्ला, राज तिवारी, हर्ष तिवारी, हर्षित तिवारी सहित तमाम श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

# कुल्हाड़ी से काट कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चार माह पहले मृतक की पुत्री को भगा ले गया था हत्या अभियुक्त मुकदमा दर्ज कराए जाने से परेशान युवक ने की हत्या

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कानेमई में 01 फरवरी की रात में हुई सनसनीखेज हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की त्वरित कारवाई और सटीक विवेचना से न केवल वास्तविक हत्यारोपी को जेल भेजा गया, बल्कि मामले में नामित एक निर्दोष व्यक्ति को भी जेल जाने से बचा लिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 फरवरी 2026 की सुबह थाना सैनी को सूचना मिली कि ग्राम कानेमई निवासी गणेश प्रसाद की हत्या कर दी गई है।उनका शव गांव के बाहर स्थित मकान के सामने टिन शेड के नीचे चारपाई पर पड़ा हुआ मिला।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची,जहां मृतक के सिर पर धारदार हथियार से गहरे चोट के निशान पाए गए।घटना के संबंध में थाना सैनी में मु०अ०सं० 36/26 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ फील्ड यूनिट फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया पुलिस ने पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूर्ण कराई।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तत्काल विशेष टीमों का गठन कर घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। गठित टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन एवं साक्ष्य संकलन के आधार पर मामले का खुलासा किया।पुलिस ने अभियुक्त आकाश पुत्र पुजारी लाल,निवासी ग्राम कानेमई को गांव के पास स्थित एक तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी,अभियुक्त का जला हुआ जैकेट,मृतक का जला हुआ मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि करीब 4 माह पूर्व वह मृतक की पुत्री को भगा ले गया था, जिसको लेकर मृतक द्वारा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी रंजिश के चलते वह काफी समय से छिपकर रह रहा था और मृतक व उसके परिजनों से स्वयं को प्रताड़ित महसूस कर रहा था। इसी आक्रोश में उसने गणेश प्रसाद की हत्या की साजिश रची।अभियुक्त ने बताया कि 1 फरवरी 2026 की रात वह मोटरसाइकिल की डिक्की में कुल्हाड़ी रखकर मृतक के घर पहुंचा। गणेश प्रसाद टिन शेड के नीचे चारपाई पर सो रहे थे,तभी उसने उनके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने पास जल रहे बल्ब को तोड़कर अंधेरा किया, मृतक का मोबाइल साथ ले गया, कुल्हाड़ी को रास्ते में एक तालाब में फेंक दिया तथा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से अपने खून लगे जैकेट और मोबाइल को जला दिया।पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।उल्लेखनीय है कि थाना सैनी पुलिस की सक्रिय, निष्पक्ष और पेशेवर कार्रवाई से हत्या की गुत्थी सुलझी और निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से जेल जाने से बचाया जा सका।



## अझुवा हाइवे पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का हुआ जोरदार स्वागत

**अझुवा कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का गुरुवार को अझुवा हाईवे पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने ढोल ताशा के साथ बड़े गमजोशी से जोरदार स्वागत किया है ।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अपने भतीजे की शादी में सम्मिलित होने के बाद सड़क मार्ग से फतेहपुर जा रहे थे। पैतृक आवास सिराथू में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 5 दिन रहे हैं इस दौरान आधा दर्जन परियोजनाओं का शिलान्यास किया,सिराथू क्षेत्र में तमाम संचालित परियोजनाओं की हकीकत देखी उन्होंने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है ।पैतृक आवास के दौरान हजारों कार्यकर्ताओं से केशव प्रसाद मौर्य ने कुशल क्षेम लिया है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उप मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया इस अवसर पर ओमप्रकाश कुशवाहा,शांति देवी कुशवाहा,अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह,जेपी मौर्य,हीरालाल मौर्य, करन सिंह,गोपी मौर्य,अच्छू भाई,रमेश प्रसाद केसरवानी रामबाबू मोदनवाल सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने ग्राम चौपाल लगाकर, सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का फीता काटकर डीएम ने किया उद्घाटन



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को ह्लगॉव की समस्या, गॉव में समाधानह्ल के अन्तर्गत विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम-गुवारा तैयबपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने,राशन मिलने,कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूँछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, बच्चों को पाठय पुस्तक का वितरण हुआ या नहीं तथा ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम में स्थित विद्यालय का निरीक्षण कर 19 पैरामीटर के तहत कराए गए कार्यो, निपुण तालिका व शिक्षा की गुणवत्ता की जॉच कर आख्या उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने सी.एच.ओ. से ग्राम में एच.आर.पी. महिलाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि एच.आर.पी. महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय एवं ड्यूलिस्ट के अनुसार टीकाकरण किया जाय। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को ग्राम में कैम्प लगाकर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सचिव को ग्राम के सभी हैण्डपम्पों के रिबोर कराकर क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पं0) को ग्राम में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए सर्वे में ग्राम में 281 लोग पात्र पाए गए हैं, जिनको शीघ्र ही लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की भी अपील की तथा जिला कृषि अधिकारी को शेष किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि संगम गेस्ट हाउस से ग्राम तक के संपर्क मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा कराया गया था, जो खराब हो गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत के माध्यम से सड़क का मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता, जल निगम ने कहा कि ग्राम में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत मार्च, 2026 से पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील की। डीएम ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन गुवारा तैयबपुर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।

# भारतीय पत्रकार संघ का 26 वा प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न

## मुख्य अतिथि एन कोलांची पुलिस महा निरीक्षक रेलवे प्रयागराज ने अपने संबोधन में पत्रकार के कलम के महत्व को बताते हुए कहा कि पत्रकार की कलम एटम बम से बढ़ कर है

अखंड भारत संदेश






**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ का 26वा प्रांतीय सम्मेलन गुरुवार को प्रदशनी सूचना एवं जनसंपर्क कैम्प कार्यालय माघ मेला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन कोलांची पुलिस महा निरीक्षक रेलवे प्रयागराज ने अपने संबोधन में पत्रकार के कलम के महत्व को बताते हुए कहा कि पत्रकार की कलम एटम बम से बढ़ कर है। जो छोटे से भी जनहित के मामले को बड़ा बना कर उछाल सकते हैं। झूठ को भी बार बार बोला जाय तो वह भी सत्य लगने लगता हैं कलम से सदैव सत्य प्रकाशित करना चाहिए। नकारात्मकता को छोड़ सदा सकारात्मक पत्रकारिता करना अच्छे और सच्चे पत्रकार का कर्तव्य है। विकसित भारत बनाने के लिए मीडिया की प्रमुख भूमिका है। इसका कभी गलत प्रयोग नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आई पी यस अशोक कुमार शुक्ल सेवा निवृत उप महानिरीक्षक ने पत्रकारों को देश समाज और प्रशासन का दर्पण बताया। विशिष्ट अतिथि आई पी यस नीरज कुमार पाण्डेय (पुलिस अधीक्षक माघमेला) ने विश्व स्तरीय माघ मेला सम्पन्न कराने में पत्रकारों की जिम्मेदार भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि कलमकारों को नकारात्मक खबरों को प्रसारित करने से पहले तथ्यों को परख लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महामंत्री सूयर्कांत शुक्ल ने करते हुए कहा कि प्रेस पुलिस और प्रशासन तीनों के संगम से राष्ट्र और समाज निर्माण में योगदान मिलता है। पत्रकारिता पूर्व की अपेक्षा इंटरनेट मीडिया के आगमन से सरल के साथ चुनौती पूर्ण हो गई है। इसलिए पत्रकारों को प्रशासन की आंख न बन कर आईना बन कर नकारात्मक खबरों से बचना चाहिए। पूर्व उप सूचना निदेशक आर पी द्विवेदी ने कहा पत्रकार समाज की रीढ़ है इसलिए पत्रकारों को सत्य प्रकाशित करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। अपर जिला अधिकारी प्रयागराज सत्यम मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सदियों से और विशेषतः आज के परिवेश में पत्रकारों की सजग भूमिका जनहित के लिए अति आवश्यक है।संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आए हुए प्रशासनिक अतिथियों और पत्रकारों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण द्विवेदी और कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रूप नारायण तिवारी ने किया। विभिन्न जनपदों से आए हुए पत्रकारों ने भी पत्रकार एवं प्रशासन विषयक संगोष्ठी पर अपने विचार व्यक्त किया। प्रमुख रूप से सूचनाधिकारी युराज सिंह एवम सूचनाधिकारी गगन यादव एवम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव, विवेक बाजपेई,अनुपम आनन्द श्रीवास्तव, यूसुफ सिद्दीकी प्रवीण कुमार द्विवेदी, सुशील केसरवानी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, चक्रपाणि मिश्र,लक्ष्मण द्विवेदी, हरिकेश त्रिपाठी, धनजी सिंह वाली खान, संतोष शुक्ला, संजय पांडेय मुकेश द्विवेदी, शशि भूषण सिंह, राजेश यादव, राजेंद्र तिवारी त्रिकाली, संजीव मौर्या राजेश कुशवाहा दिवाकर त्रिपाठी विकाश चन्द शुक्ल, अतेंद्र चतुर्वेदी फ़ेरात अब्बास,शिवेन्द्र नारायण तिवारी, सुबोध केसरवानी गणेश साहू राजकुमार धर्मेंद्र सोनकर अनिल कुमार शिव कुमार सुनील केसरवानी एनडी तिवारी प्रमोद मिश्रा सहित सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे। इस दौरान तमाम पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र और शील्ड देकर माल्यार्पण कर पत्रकारों का स्वागत किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### ट्रेन की टक्कर से व्यापारी की मौत



**कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी रेलवे स्टेशन से दो सौ मीटर दूर डिहवा के स्त्र२ गुरुवार की शाम को एक व्यापारी की ट्रेन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है व्यापारी की मौत एक दुर्घटना है या फिर व्यापारी ने आत्महत्या किया है यह तो जांच का विषय है लेकिन घटनास्थल जो बता रहा है उससे लगता है कि वहां पर रेलवे लाइन क्रास नहीं किया जा सकता और व्यापारी ने जानबूझकर ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या किया है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बे के वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर निवासी व्यापारी विजय कुमार केसरवानी उम्र लगभग 64 वर्ष पुत्र झगडू गुरुवार की शाम को मनौरी रेलवे फाटक से दो सौ मीटर दूर डिहवा के पास पहुंचे जहां पर व्यापारी रेल लाइन पर पहुंचे थे वहां से रेलवे लाइन क्रास नहीं किया जा सकता फिर व्यापारी रेल लाइन पर कैसे पहुंचे इसी बीच तेज गति ट्रेन की टक्कर से व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों का मजमा लग गया है मामले की सूचना परिवार और पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं पुलिस ने मृतक व्यापारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नसबंदी कैंप में फीता काट कर ऑपरेशन थिएटर का हुआ शुभारंभ



**कल्याणपुर कौशांबी** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करारी में आज दिनांक 05 फरवरी को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हिंद प्रकाश मणि के द्वारा महिला नसबंदी कैंप में फीता काट कर ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ किया गया।जिसमें 11 महिलाओं का सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया उक्त कैंप में अधीक्षक डॉ बद्री विशाल डॉ तेज प्रताप डिस्ट्रिक्ट फैमिली प्लानिंग मैनेजर देवप्रकाश यादव, बी सी पी एम घनश्याम पाल,फार्मासिस्ट हनुमत सिंह धर्मेंद्र सिंह,स्टाफ नर्स मणिशंकर माथुर श्रीमती खुशबू सिंह,श्रीमती दीक्षा सिंह,एल टी महेंद्र सिंह,अफजाल अहमद सहायक स्टाफ जगदीश और अमरजीत मौजूद रहे।

### आपस में टकराए दो बाइक सवार दोनों घायल



**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भीटी देह माफी गांव के पास बुधवार शाम को दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चायल क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह और संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से तुरंत अस्पताल भेजा गया। घायलों की पहचान रामकरन पुत्र बबलू,निवासी ग्राम तियारा शमशाबाद,थाना मंझनपुर,और सुनील पुत्र देवमन,निवासी ग्राम महगांव,थाना संदीपन घाट के रूप में हुई है।दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों की मदद से उन्हें पहले मूरतगंज पीएचसी ले जाया गया। वहां गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गौरैए नहर पुल के पास लावारिस मिली नवजात बच्ची, महिला ने बचाई जान

**कौशाम्बी।** थाना कौशांबी क्षेत्र के गौरैए नहर पुल के पास बुधवार शाम करीब 8 बजे एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। ग्रामीणों के अनुसार बच्ची की उम्र लगभग 10झ्र12 दिन बताई जा रही है।गोपसहसा निवासी भोलई सरोज की पत्नी अपनी बहन के घर गौरैए गांव आई थीं।लौटते समय उन्हें रोने की आवाज सुनाई दी पास जाकर देखा तो एक नवजात बच्ची पड़ी थी। मानवता दिखाते हुए महिला बच्ची को घर ले गई और उसके देखभाल की व्यवस्था की।सूचना पर पहुंची कौशांबी पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद बच्ची को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया। कोतवाल कृष्ण कुमार ने बताया कि समिति के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ताला बंद कमरे से 7 लाख रुपए के जेवर सहित 6 हजार रुपए नगदी उठा ले गए चोर

**हररायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर बदले गांव निवासी विजय नाथ पांडेय पुत्र स्वगीय राज नारायण पांडेय ने बताया कि दिनांक 4.02.2026 को जब मैं माघ मेला से अपने घर वापस आया तो देखा कि मेरे घर में ताला बंद था घर के पीछे की तरफ छत से मेरे आंगन में चोर आए और कमरे के ब बारजे की तरफ से अंदर कमरे में नीचे की ओर कमरे में चोर गए और लाकर से सारा सामान चोर उठा ले गए सूने घर से सोने व चांदी का व कुछ कपड़े लेकर चोर गिरोह चले गए हैं और नगद बहू का पैसा लगभग 6000 हजार रुपए पायल, पेटी, झुमका, मंगलसूत्र, कान का सोने का बच्ची भी सोने का कील पायल करधनी,चूरवा बाली बड़ी पांच पीस,चैन पट्टी,आदि समान सूने घर से चोर उठा ले गए सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंद्र देव ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की नवाचार क्षमता

अखंड भारत संदेश

## जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदशनी से बच्चों में बढ़ी वैज्ञानिक सोंच



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदशनी का फीता काटकर शुभारम्भ तथा परिषदीय विद्यालयों के बच्चां द्वारा विज्ञान विषय पर बनाए गए विविध नवाचार मॉडलों का अवलोकन करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विज्ञान मॉडल प्रदशनी में बच्चां ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नवीकरणीय उर्जा, स्वच्छता, तकनीकी नवाचार एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से सम्बन्धित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपने-अपने मॉडलों के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा उनके कार्य सिद्धान्त को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कम्पोजिट विद्यालय चरवा प्रथम की छात्रा शिल्पा को टेबलेट, प्रशस्ति-पत्र व शिक्षण सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय बैगवां की छात्रा शशि यादव, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय सैयद सरावां की छात्रा इकरा बेगम, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्हरौली के छात्र नितेश एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाली कम्पोजिट विद्यालय पुनवार की छात्रा हिमानी चौरसिया को टेबलेट, प्रशस्ति-पत्र व शिक्षण सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ब्लॉक मंझनपुर की टीम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सरसवां की टीम एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मूरतगंज की टीम के विद्याथियों को स्मृति चिन्ह, शिक्षण सामग्री व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बच्चां द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदशनी में कृषि, पर्यावरण एवं दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान को दृष्टिगत रखकर तैयार किए गए उत्कृष्ट मॉडल की प्रशंसा करते हुए बच्चां का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी ने देश को 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। यह देश विकसित तभी बनेगा, जब आत्मनिर्भर बनेंगा। इस विज्ञान प्रदशनी ने दिखा दिया है, कि देश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। जनपद कौशाम्बी अपने गौरवशाली व वैभवशाली इतिहास के लिए जानी जाती है। आने वाले समय में जनपद नवाचारों एवं वैज्ञानिक अविष्कारो के लिए भी जानी जाएगी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्याथियों की वैज्ञानिक सोंच, रचनात्मकता एवं प्रस्तुती कौशल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के विज्ञान प्रदशनी से बच्चां में नवाचार की भावना विकसित होती है तथा वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते है। यह बच्चों में वैज्ञानित सोच के उभरते हुए प्रतीक का पूंज है। उन्होंने कहा कि बच्चां ने विज्ञान मॉडल के माध्यम से न केवल वैज्ञानिक सोच को प्रस्तुत किया, बल्कि उनके द्वारा प्रश्न भी पूँछे गए, कि यह किस कारण से व कैसे कार्य करता है, इसे जानने की जिज्ञासा उत्पन्न करना ही, इस प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य है। उन्हांने बच्चां से कहा कि प्रतिदिन सीखें और अपने आप को बेहतर बनाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं प्राचार्य डॉयट निधि शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं भोले शंकर व योगेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी के सम्मान में कौशाम्बी में गरजे कांग्रेसी




**कौशाम्बी।** भाजपा सरकार के द्वारा मनरेगा योजना के नाम बदले जाने के विरोध में मंझनपुर मुख्यालय स्थित कांग्रेस मुख्यालय से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है मनरेगा योजना जो गरीबों की हितकारी योजना थी उसे भी वह नाम बदलकर समाप्त करना चाहती है और उनका अधिकार छीनता है कांग्रेस पाटी ने जो भी कदम देश की जनता के लिए उठाया वह देश की हित में था वतर्मान सरकार केवल चंद उद्योगपतियों के इशारे में कार्य करती है भाजपा केवल जाति और धर्म की राजनीत करती है उसके पास जनता की मूल मुद्दों पर जरा से भी ध्यान देने का समय नहीं है केवल उद्योगपतियों का सत्कार चाहती है इसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता और ₹राष्ट्रपिता₹थे,जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ब्रिटिश शासन से भारत को आज़ाद कराया। उनके द्वारा अपनाए गए 'सत्याग्रह'और अहिंसक प्रतिरोध ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया। जिला उपाध्यक्ष नैय्यर रिजवी ने बताया कि मनरेगा की प्रमुख विशेषताएंः ग्रामीण वयस्कों को 100 दिनों का रोजगार और आय सुरक्षा प्रदान करना।कानूनी गारंटीः रोजगार एक कानूनी अधिकार है। लेकिन सरकार का नाम बदलने का खेल बंद नहीं हो रहा है ये जनता की सरकार नहीं बल्कि चंद उद्योगपतियों की सरकार है। तत्पश्चात कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा भारत में लागू एक रोजगार गारंटी योजना है, जिसे 2 oct 2009 को विधान द्वारा अधिनियमित किया गया। यह योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किसी भी ग्रामीण परिवार के उन वयस्क सदस्यों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराती है हम इस योजना और गरीबों के अधिकार की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,श्याम मूर्ति त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष व मनरेगा कार्यक्रम को आडिनेटर मोहम्मद अकरम,दीपक पाण्डेय बाबू जी,कौशलेश द्विवेदी महासचिव सुरेंद्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया,आसिफ अल्वी,सेवादल जिलाध्यक्ष जमशेद अहमद,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल, नगर करारी शकील अब्बास,नगर अध्यक्ष अझुवा विजय यादव, नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, मीना देवी, लालती देवी, श्याम कली, शोभा देवी, निमर्ला देवी,गिरजा देवी, तीजा देवी, रमेश यादव, कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत, नोखेलाल यादव इंद्रपाल,बिफई लाल, जीतू मिश्रा तबरेज अहमद, मोहम्मद नईम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## कमजोरों के लिए खतरनाक रसूखदार लोग

**अमेरिका** के कुख्यात नाबालिग लड़कियों के यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी लाखों फाइलें अमेरिकी न्याय विभाग ने जारी की हैं। शुक्रवार को 30 लाख पेज, एक लाख 80 हजार तस्वीरें और दो हजार वीडियो सार्वजनिक रूप से पोस्ट किए गए। इन नए खुलासों में ऐसे घिनौने और भयानक अपराध सामने आए हैं, जिन्हें देखकर साधारण इंसान की रूह कांप जाए। ज्यादा डरावनी बात ये है कि एपस्टीन के साथ दुनिया भर के ऐसे नामी-गिरामी और रसूखदार लोगों के नाम जुड़े हैं, जो खुद को लोकतंत्र, उदारवाद, मानवाधिकारों के पैरोकार के तौर पर प्रस्तुत करते हैं। मगर हकीकत में वे कमजोर लड़कियों और बच्चों पर पैशाचिक अत्याचार करते हैं। सोशल मीडिया पर 2009 का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें गैब्रिएला रिको जिमेनेज नाम की मैक्सिकन मॉडल मैक्सिको के मॉन्टेरी में फिएस्टा के बाहर खड़ी होकर चिल्ला-चिल्लाकर बता रही है कि वह जैफ्री एपस्टिन से जुड़े एक मॉडलिंग आयोजन में गई थी जहां दुनियाभर के नेता और बिजनेसमैन पार्टी कर रहे थे और वो लोग 'बच्चों के मांस' खा रहे थे। संभवतः यह पहली बार था जब किसी ने एपिस्टन या उसके निजी द्वीपों पर हो रहे बच्चियों के बलात्कार और हत्या के आरोप लगाए थे। लेकिन पुलिस ने इस लड़की को 'मनोरोग' का शिकार बताकर गिरफ्तार कर लिया गया और फिर यह लड़की कभी नहीं दिखी। अब उस घटना के 17 साल बाद एपिस्टीन फाइलें जारी हुई तो पता चला यह लड़की जो कुछ बोल रही थी, वो पागलपन नहीं था। बल्कि उसमें काफी हद तक हकीकत भी थी। क्योंकि अब एपस्टीन और उनके तथाकथित बड़े ग्राहकों का शिकार कुछ लड़कियों ने सामने आकर हकीकत बयां की हैं। किसी ने बताया कि 10 साल की अबोध उम्र में उनके साथ दिन में तीन-तीन बार बलात्कार हुआ, तो किसी ने बताया कि कैसे पार्टियों के बहाने अमीर लोगों के सामने उन्हें पेश किया गया। बिल गेट्स की पत्नी रही मेलिंडा गेट्स ने भी एक साक्षात्कार में बताया है कि उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आता था कि बिल गेट्स एपस्टीन से मिलते थे। खुद मेलिंगा गेट्स केवल एक बार एपस्टीन से मिलीं और उन्हें काफी अफसोस हुआ कि उन्होंने यह मुलाकात की। मेलिंडा गेट्स ने एपस्टीन को 'घृणितइ और 'बुराई का साक्षात रूपइ बताया और कहा कि उस मुलाकात के बाद उन्हें बुरे सपने आते थे।

बिल गेट्स से उनके तलाक के कारणों में एक वजह एपस्टीन से बिल गेट्स के संबंध भी थे। न्याय विभाग द्वारा जारी एपस्टिन फाइलों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र भी सैकड़ों बार किया गया है। ट्रंप की एपस्टीन से दोस्ती थी। लेकिन ट्रंप कहते हैं कि यह कई साल पहले खराब हो गई थी और उन्होंने एपस्टीन के यौन अपराधों के बारे में किसी भी जानकारी से इनकार किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के भी कई पुराने वीडियो आए हैं, जो नैतिकता के मापदंड पर खरे नहीं उतरते हैं। अब भले ही एपस्टिन से उनकी दोस्ती बरसों पहले खराब हो चुकी हो, लेकिन बेहतर यही होता कि ट्रंप अपने पद से इस्तीफा देकर खुद को निर्दोष साबित करने के लिए निष्पक्ष जांच का मौका दें।

# क्या होगी भागीरथपुरा को भूलने की कीमत?

– अरविन्द सरदाना



**पीने** के पानी की पाइप लाइन केवल लोहे या प्लास्टिक की नालियां नहीं हैं, वे जीवन की धमनियां हैं। उनका सीधा संबंध संविधान के 'अनुच्छेद 21' से है, जो हर नागरिक को जीवन के अधिकार की गारंटी देता है। जिस तरह गैस पाइप लाइन के लिए अत्यंत कड़े मानक, स्पष्ट संकेत, सुरक्षा घेराबंदी और सतत निगरानी की व्यवस्था होती है, उसी गंभीरता से पानी की पाइप लाइनों को भी देखा जाना चाहिए।

हमारी सामूहिक फितरत कुछ ऐसी बन गई है कि किसी बड़े हादसे के बाद थोड़े समय के लिए हम जागते हैं–जागरूकता बढ़ती है, विरोध होता है, जिम्मेदारियों पर सवाल उठते हैं और विश्लेषण भी किया जाता है, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है, स्मृति धुंधली पड़ने लगती है, आक्रोश ठंडा हो जाता है और तंत्र फिर उसी पुरानी स्थिति में लौट आता है। सार्वजनिक संस्थाओं के व्यवहार में कोई ठोस बदलाव नहीं आता।

इंदौर के भागीरथपुरा में 21 से अधिक लोगों की मौत, हजारों का बीमार पड़ना और कई लोगों का आज भी जीवन-मृत्यु के बीच झूलना इसी दुखद चक्र का ताजा उदाहरण है। यदि इस त्रासदी को केवल एक और खबर बनकर नहीं गुजरने देना है, तो हमें अपनी इसी फितरत को बदलना होगा और भावनात्मक प्रतिक्रिया से आगे बढ़कर ठोस, संरचनात्मक कदम उठाने होंगे।

इस संदर्भ में पहला काम होना चाहिए कि मध्यप्रदेश के हर नगर निगम की पानी की पाइप लाइनों का सर्वे किया जाए। यह पता चले कि कहां पाइप लाइन बदलनी है और कहां दुरुस्त करना है। लाइन में लीकेज का कारण पुरानी लाइनों का सड़ना हो सकता है या सड़क की खुदाई के दौरान पाइप लाइन का क्षतिग्रस्त होना आदि। सर्वे रिपोर्ट और उस पर की गई कार्रवाई सार्वजनिक होनी चाहिए। जैसा कि बताया जा रहा है, इंदौर में दो सालों से शिकायत होती रही, पर कार्रवाई कुछ नहीं हुई।

भ्रष्टाचार के अलावा एक बड़ा कारण तंत्र का लचर होना भी है। इंदौर के महापौर ने कहा कि अधिकारी नहीं सुनते हैं। यह तभी संभव होता है जब अधिकारियों की नियुक्ति राजनीतिक संरक्षण से होती है। ऐसे में अधिकारी बिना डर के अपने नियमित काम की उपेक्षा कर पाते हैं। चाहे सरकारी स्कूल हो, सरकारी अस्पताल या नगर निगम- यह परंपरा सार्वजनिक व्यवस्था को खोखला बना देती है। सार्वजनिक व्यवहार को बदलने और लोगों के बीच ठोस जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए नए नियमों की जरूरत है।

सभी नगर निगमों के लिए आवश्यक होना चाहिए कि नियमित पानी की जांच हो और यह रपट सार्वजनिक तौर पर निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध हो। इंदौर का उदाहरण देखें तो समझ आएगा कि पानी की जांच नगण्य है। एक रपट के अनुसार इंदौर में हर महीने 350 सैंपल लेने चाहिए थे, यानी वर्ष में 4200 सैंपल, पर साल भार में केवल 491 सैंपल लिए गए। केंद्र सरकार की एक रपट ने 2024 में कहा था कि मध्यप्रदेश में लिए गए पानी के सैंपल में से केवल 63 प्रतिशत पीने योग्य पाए गए। चौंकाने वाली बात है कि इंदौर जिले में केवल 33 प्रतिशत सैंपल पीने योग्य थे। मध्यप्रदेश सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

पानी की जांच-रपट नगर के वार्ड अनुसार होनी चाहिए। इसके दो हिस्से हैं। एक रपट पानी के स्रोत यानी मुख्य लाइन या टंकी की होनी चाहिए और दूसरी उस वार्ड या जोन के कुछ घरों से लिए गए 'रैंडम सैंपल' की। यदि दोनों में कुछ फर्क है तो निगम द्वारा 'एक्शन टेकन' टीप जरूरी है। अधिकांश समय लीकेज निगम की वितरण लाइन में होते हैं। इस रपट को अपलोड करना एक नियमित कार्रवाई मानी जानी चाहिए। कोई भी व्यक्ति पानी की शिकायत करते समय इस रपट को देख सकता है और कार्रवाई की मांग कर सकता है।

ऐसे हादसे केवल जिंदगियां नहीं छीनते, वे धीरे-धीरे लोगों का 'सार्वजनिक जल व्यवस्था' से भरोसा भी खत्म कर देते हैं। नल से बहता पानी सुरक्षित न लगे तो स्वाभाविक है कि लोग बोतल का पानी खरीदने को मजबूर हों और इस मजबूरी से बोतल बंद पानी का बाजार कई गुना फलने-फूलने लगे। आज पीने के पानी के तीन प्रमुख स्रोत हैं: नगर निगम की आपूर्ति, सरकारी या निजी बोरिंग और निजी कंपनियों का बोतल बंद पानी। विडंबना यह है कि ये तीनों ही दूषण से अछूते नहीं हैं और इसके उदाहरण हमारे आसपास बिखरे पड़े हैं।

तीन वर्ष पहले देवास शहर की एक रिपोर्ट ने बताया था कि वहां 30 'आरओ प्लांट' संचालित हो रहे हैं, लेकिन उनमें से केवल 3 ही पंजीकृत थे–यानी जिन पर कोई निगरानी संभव थी। शेष प्लांट क्या पानी बेच रहे हैं, उसकी गुणवत्ता कैसी है, इस पर न सरकार का नियंत्रण है और न उपभोक्ता को जानकारी। दूसरी ओर भूजल का संकट और गहराता जा रहा है। कई शहरों के बड़े हिस्सों में भूमिगत पानी दूषित हो चुका है और यह समस्या इसलिए भी गंभीर है क्योंकि भूजल बहता है–वह एक इलाके तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे क्षेत्र को चुपचाप जहर दे सकता है। इस पानी को साफ करना न आसान है, न त्वरित; यह काम केवल राज्य की क्षमता और इच्छा शक्ति से ही संभव है।

इन स्थितियों में जरूरी है कि लोगों के लिए अपने घर के पानी के सैंपल की निष्पक्ष जांच करवाने की आसान व्यवस्था हो। 'लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग' को नगर निगम परिसर में सार्वजनिक पेयजल जांच के लिए एक लैब की व्यवस्था करनी चाहिए। यहां कोई भी व्यक्ति अपने घर का पेयजल जांच के लिए ले जा सकता हो। उस पानी का स्रोत चाहे नगर निगम हो या प्राइवेट बोतल डिस्ट्रीब्यूटर या प्राइवेट बोरिंग, उसे एक निष्पक्ष रपट मिलनी चाहिए। इसके लिए मामूली शुल्क लिया जा सकता है। यह दो स्वरूप से काम करेगा। एक किसी भी व्यक्ति को अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए ठोस सबूत प्राप्त होगा। यदि इस सबूत पर गौर नहीं किया जाता है तो यह भी दर्ज हो जाएगा और इस प्रकार अधिकारी एवं नेताओं की जवाबदेही बनेगी। पानी की समस्या के लिए यह एक 'एफआईआर' की तरह काम करेगा। यह तंत्र के लिए जवाबदेही से काम करने का दबाव महसूस करवायेगा। दूसरा, इस लैब के डाटा का विश्लेषण बहुत उपयोगी होगा। हमें दूषित पानी के स्रोत का अंदाजा होगा और यह किन इलाकों में फैला हुआ है, उसका भी पता चलेगा।

पीने के पानी की पाइप लाइन केवल लोहे या प्लास्टिक की नालियां नहीं हैं, वे जीवन की धमनियां हैं। उनका सीधा संबंध संविधान के 'अनुच्छेद 21' से है, जो हर नागरिक को जीवन के अधिकार की गारंटी देता है। जिस तरह गैस पाइप लाइन के लिए अत्यंत कड़े मानक, स्पष्ट संकेत, सुरक्षा घेराबंदी और सतत निगरानी की व्यवस्था होती है, उसी गंभीरता से पानी की पाइप लाइनों को भी देखा जाना चाहिए।

शहरों में जगह-जगह स्पष्ट ठिया बनाए जाएं, पाइप लाइन के मार्ग को विशेष रंगों और चिन्हों से चिह्नित किया जाए और लीकेज पहचानने की तकनीक को मजबूत, नियमित और अनिवार्य बनाया जाए। सड़क या भवन निर्माण के नाम पर यदि इन जीवनदायी लाइनों को क्षति पहुंचाई जाती है, तो उसे सामान्य लापरवाही नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ माना जाना चाहिए–और ऐसी हरकतों पर कठोर, त्वरित और उदाहरणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए।

# विकासशील देशों को नई चुनौतियों का सामना करने के लिए एक साथ काम करना होगा

– डॉ. अरुण मित्रा




**'मेक** अमेरिका ग्रेट अगेन' (मगा) के नारे के तहत, डोनाल्ड ट्रंप ने डब्ल्यूटीओ और संयुक्त राष्ट्र दोनों को नजरअंदाज करते हुए एकतरफा व्यापार नियम फिर से लिखना शुरू कर दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेरिस पर्यावरण समझौता सहित 66अन्तरराष्ट्रीय संगठनों, कन्वेंशन और संधियों से खुद को अलग कर लिया। जैसा कि केनडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने डब्ल्यूईएफ में अपने भाषण में कहा, 'अन्तरराष्ट्रीय व्यवस्था (इंटरनेशनल ऑर्डर) टूट गयी है।' वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएएफ) की 56वीं सालाना बैठक, जो 19-23 जनवरी 2026 को दावोस में 'ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग' थीम के तहत हुई, वह वैश्विक व्यापार संबंधों में भारी तनाव के माहौल में हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उठाए गए कदमों ने देशों के बीच सहयोग के बने-बनाए ढांचे को पूरी तरह से बदल दिया है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद, यह आम तौर पर महसूस किया गया कि वैश्विक लड़ाई से बचने के लिए अलग-अलग देशों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आपसी सहयोग और शांतिपूर्ण तरीके से साथ रहना जरूरी है। इसी संदर्भ में, बातचीत और अन्तरराष्ट्रीय झगड़ों को सुलझाने के लिए एक साझे मंच के तौर पर संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों- संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत संघ (अब रूस), फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और चीन- को दी गई ज्यादा शक्ति के बावजूद, संयुक्त राष्ट्र ने शांति और निःशस्त्रीकरण को बढ़ावा देने, नाभिकीय हथियारों के खतरों को जोरदार ढंग से सामने लाने, बच्चों की भलाई,सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए संसाधन जुटाने और इंसानों की बनाई और कुदरती, दोनों तरह की मुश्किलों से निपटने में अहम भूमिका निभायी है। इसने अन्तरराष्ट्रीय व्यापार को नियंत्रित करने वाले नियम बनाने में भी मदद की है।

1964 में बनी यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (अंकटाड) का मकसद विकासशील देशों को वैश्विक व्यापार, निवेश और आर्थिक विकास से फायदा पहुंचाने में मदद करना और उन्हें बराबरी की शर्तों पर विश्व अर्थव्यवस्था में समेकित करना था। अंकटाड नीति विश्लेषण देकर, आम सहमति बनाने में मदद करके और खासकर कम विकसित देशों (एलडीसी) को तकनीकी मदद देकर व्यापार और विकास के लिए एक केन्द्रीय बिंदु के तौर पर काम करता है।

इसी तरह, जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स एंड ट्रेड (गैट), जो 1947 की एक बहुपक्षीय संधि थी, ने टैरिफ, कोटा और सब्सिडी में कमी करके अन्तरराष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाकर युद्ध के बाद आर्थिक सेहत में सुधार को तेज करने की कोशिश की। 1995 में, गैटकी जगह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने ले ली। हालांकि डब्ल्यूटीओ की विकसित देशों के पक्ष में होने के लिए बहुत आलोचना हुई है, लेकिन ट्रेड-रिलेटेड आस्पेक्ट्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (ट्रिप्स) और ट्रेड-रिलेटेड इन्वेस्टमेंट मेजर्स (ट्रिम्स) जैसे समझौतों के कई प्रावधानों का इस्तेमाल विकासशील देश अपने फायदे के लिए कर सकते हैं। जरूरी बात यह है कि इन व्यवस्थाओं ने कम से कम अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक नियम-आधारित प्रणाली दी।

'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मगा) के नारे के तहत, डोनाल्ड ट्रंप ने डब्ल्यूटीओ और संयुक्त राष्ट्र दोनों को नजरअंदाज करते हुए एकतरफा व्यापार नियम फिर से लिखना शुरू कर दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेरिस पर्यावरण समझौता सहित 66अन्तरराष्ट्रीय संगठनों, कन्वेंशन और संधियों से खुद को अलग कर लिया। जैसा कि केनडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने डब्ल्यूईएफ में अपने भाषण में कहा, 'अन्तरराष्ट्रीय व्यवस्था (इंटरनेशनल ऑर्डर) टूट गयी है।' उन्होंने मध्यम आय वाले देशों से एकजुट होने की अपील की। यह ट्रंप की नीति की अप्रत्यक्ष आलोचना थी और उसका विरोध था।

ट्रंप ने अलग-अलग देशों के साथ अलग-अलग बातचीत करके अपना टैरिफ एजेंडा लागू करने की कोशिश की, जिससे बहुपक्षवाद कमजोर हुआ। उनके इरादे तब और साफ हो गए जब उन्होंने पनामा कैनाल और गल्फ ऑफ मेक्सिको पर नियंत्रण और यहां तक कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात की। उन्होंने पश्चिम एशिया और दुनिया के दूसरे हिस्सों में वैश्विक तेल संसाधनों में अपनी दिलचस्पी छिपाने की कोई कोशिश नहीं की। वेनेजुएला के चुने हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी के अपहरण ने दुनिया भर में राष्ट्रीय सम्प्रभुता के लिए सीधी चुनौती पेश की। इस प्रक्रिया में, ट्रंप ने यूरोप में अमेरिका के पारंपरिक साथियों को भी कमजोर किया। कई यूरोपीय देशों ने पहले इराक और लीबिया में अमेरिकी सैन्य दखल का समर्थन किया था, सीरिया में बागी ताकतों का साथ दिया था, और ईरान में अमेरिका के नेतृत्व में सरकार बदलने की कोशिशों का समर्थन किया था। गाजा में नरसंहार के दौरान भी, उन्होंने हल्के-फुल्के एतराज के साथ इजराइल का साथ दिया था।

# राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता

-ललित गर्ग-




**नीति-निर्माण,** राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया।

यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं।

यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मयार्दाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो। संसद के भीतर अप्रकाशित ह्यसंस्मरणह्न के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है।

## सुलतानपुर की नई पुलिस अधीक्षक बनी चारु निगम

**अखंड भारत संदेश**



**सुलतानपुर ।** 2014 बैच की आईपीएस अधिकारी चारु निगम को सुलतानपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। अपनी सख्त,बेबाक और प्रभावी कार्यशैली के लिए पहचान बना चुकीं आईपीएस चारु निगम की तैनाती को जिले के लिए अहम माना जा रहा है। उनके एसपी बनने की खबर से पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है।आईपीएस चारु निगम शुरू से ही अपने कड़े फैसलों और निष्पक्ष कार्रवाई को लेकर सुर्खियों में रही हैं। प्रशिक्षण अवधि के दौरान बतौर एएसपी गोरखपुर तैनाती के समय शराब की दुकान बंद कराने को लेकर भाजपा विधायक राधा मोहन दास से हुई तीखी नोकझोंक काफी चर्चा में रही थी। इसके अलावा राजीव मेडिकल कॉलेज से माझगवां गांव की मासूम आरती के अपहरण मामले में महज 36 घंटे के भीतर बरामदगी कर उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी कार्यक्षमता साबित की थी। औरैया जिले में पुलिस अधीक्षक रहते हुए एक व्यापारी से हुई लूट के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दरोगा के सरकारी आवास से करीब 50 किलो चांदी की बरामदगी कराकर उन्होंने पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोरी थीं।वहीं 2017 में गाजियाबाद में सेनानायक पद से स्थानांतरण के दौरान वृद्धाश्रम में आयोजित उनका विदाई समारोह आज भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जनपद में अब अपराध नियंत्रण,महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर आईपीएस चारु निगम की कार्यशैली पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## टांडा-बांदा हाईवे पर बस की टक्कर से दो छात्रों की मौत, एक घायल

**अखंड भारत संदेश**



**सुल्तानपुर । बुधवार** शाम टांडा-बांदा हाईवे पर द्वारिका गंज के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो स्कूली छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार रोडवेज बस ने छात्रों की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान समीर (19) और फैज (18) निवासी कटका खानपुर के रूप में हुई है। वहीं अमन (16 वर्ष), जो कक्षा 9 का छात्र है, गंभीर रूप से घायल है। और उसका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों छात्र इनायतपुर की ओर से टांडा-बांदा हाईवे होते हुए बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि समीर और फैज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अमन गंभीर हालत में सड़क पर पड़ा मिला।

घटना की सूचना पर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से तीनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

## श्रद्धा तिवारी का BCCI की UP सीनियर महिला टीम में हुआ सलेक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । देहात** कोतवाली के पखरौली गांव की रहने वाली श्रद्धा तिवारी ने कमाल कर दिया। अपनी प्रतिभा के बल पर श्रद्धा का चयन यूपी सीनियर क्रिकेट टीम में हो गया है। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा घोषित 20 सदस्यीय टीम में श्रद्धा को शामिल किया गया है। इस बात की जानकारी लगते ही परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है, वहीं जिले के खेल प्रेमी भी श्रद्धा की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। श्रद्धा के पिता संपूणार्नंद तिवारी उर्फ लल्लन एक व्यापारी और मां गृहिणी है और श्रद्धा की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी की लहर हैं और वे उसे अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।



# डीएम ने नगर क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को नगर क्षेत्र कर्वी के आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने आधारभूत सुविधाओं, दैनिक गतिविधियों तथा पंजीकृत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों की जानकारी लेकर सैम-मैम बच्चों की संख्या शून्य पर लाने के निर्देश दिए।

डीएम ने सर्वप्रथम आंगनवाडी केन्द्र शत्रुघ्नपुरी प्रथम वार्ड नं दो का निरीक्षण किया। यहां आंगनवाडी कार्यकत्री सपना ने बताया कि केन्द्र में तीन से छह वर्ष के 85 बच्चे, 16 गर्भवती एवं 19 धात्री माताएं तथा 29 किशोरियां पंजीकृत है। इस दौरान मौके पर 15 बच्चे व 12 महिलाएं उपस्थित पाई गईं। केन्द्र में तीन सैम श्रेणी एवं 23 मैम श्रेणी के बच्चे पंजीकृत पाए जाने पर डीएम ने निर्देश दिए कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए सैम-मैम श्रेणी के बच्चों की संख्या शून्य पर लाई जाए। दैनिक गतिविधियों की जानकारी करने पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि गुरुवार को बच्चों को भावगीत और अक्षर ज्ञान कराया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्र प्राइवेट भवन में संचालित होते पाए जाने पर डीएम ने प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर आंगनवाडी केन्द्र को प्राथमिक विद्यालय सोनेपुर में स्थानान्तरित कर संचालित कराया जाये। साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी को निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल को निर्मित कराने के लिए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

इसके बाद डीएम ने आंगनवाड़ी केन्द्र भरतपुरी प्रथम वार्ड नं0 15 का निरीक्षण किया गया। यहां आंगनवाडी कार्यकत्री रजुली पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र पर तीन से छह वर्ष के 67 बच्चे, नौ गर्भवती, छह धात्री माताएं तथा 19 किशोरियां पंजीकृत है। मौके पर 10 बच्चे व छह महिलाएं उपस्थित पाई गईं। यहां भी सैम-मैम श्रेणी में एक-एक बच्चे के पंजीकृत पाए जाने पर उनकी संख्या शून्य पर लाने के निर्देश दिए। दैनिक गतिविधियों के सम्बन्ध में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर डीएम ने कार्यवाही की चेतावनी देते हुए आंगनवाडी कार्यकत्री को कार्यशैली में सुधार लाने तथा कलेण्डर के अनुसार दैनिक गतिविधयॉ आयोजित कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आंगनवाड़ी केन्द्र अम्बिकाकुंज द्वितीय वार्ड नं 13 के निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी कार्यकत्री पूजा सोनी ने बताया कि केन्द्र पर तीन से छह वर्ष के 42 बच्चे, 14 गर्भवती एवं एक धात्री माताएं तथा 20 किशोरियां पंजीकृत है। मौके पर 22 बच्चे उपस्थित पाए गए। केन्द्र पर आधारभूत सुविधाएं संतोषजनक पायी गई। यहां भी एक सैम व छह मैम श्रेणी के बच्चों के पंजीकृत पाए जाने पर उनकी संख्या शून्य पर लाने के निर्देश दिए। यहां भी आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा दैनिक गतिविधियां आयोजित न किए जाने पर चेतावनी देते हुए कैलेण्डर के अनुसार दैनिक गतिविधयां आयोजित कराने के निर्देश दिए। साथ ही इस सम्बन्ध में जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी निर्देशित किया। साथ ही प्राइवेट भवनों में संचालित सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन निकट के प्राथमिक विद्यालयों पर कराने तथा आधारभूत सुविधाओं की वास्तविक स्थिति एक सप्ताह के अन्दर पोषण ट्रैकर ऐप पर फीड कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए। ऐसा न होने पर वेतन अवरूद्ध करने की चेतावनी दी।

## आईडीए अभियान फरवरी 2026 को लेकर द्वितीय अंतर विभागीय बैठक संपन्न

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित आईडीए अभियान फरवरी 2026 को प्रभावी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को द्वितीय अंतरविभागीय बैठक मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में आईडीए अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विभिन्न विभागों की भूमिका, दायित्वों तथा आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। सीडीओ ने निर्देशित किया कि अभियान के दौरान लक्षित आबादी तक फाइलेरिया रोधी दवाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित की जाए ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। कहा कि दवा सेवन के साथ जनसामान्य को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता गतिविधियों को भी प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे लोग बिना किसी भ्रांति के दवाओं का सेवन करें। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग सहित शिक्षा, पंचायत, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## अमेरिका के डॉ प्रकाश डी शाह हृदय रोग विशेषज्ञ कैंप में देगे अपनी सेवा

**चित्रकूट।** धर्मनगरी स्थित जानकीकुंड चिकित्सालय में आगामी आठ से 13 फरवरी तक विशाल हृदय रोग कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमे अमेरिका के डॉ प्रकाश डी शाह धर्मनगरी के हृदय रोगियों को अपनी सेवा देंगे।

जानकीकुण्ड चिकित्सालय की जनरल वरिष्ठ सर्जन डॉ पूनम अडवाणी और डॉ दीपक शर्मा ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा सेवाओं के अभाव के चलते सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं चिकित्सालय टीम द्वारा टीबी कैंप, न्यूरो कैंप, नाक कान गला कैंप सहित अन्य तमाम कैंप आम जनमानस को लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित किए जाते है। बताया कि वर्तमान में हृदय रोगियों की बढ़ती संख्या के तहत चिकित्सालय टीम द्वारा हृदय रोग कैंप भी लगाने का निर्णय लिया गया है, जो आठ से 13 फरवरी तक लगेगा। जिसमें अमेरिका के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश डी शाह हृदय रोगियों को देखेगे। ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल व उनकी धर्मपत्नी रूपल बहन द्वारा मानव सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करते हुए प्रत्येक रोग के चिकित्सक बुलाकर एवं शिविर आदि के माध्यम से लोगों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। बताया कि जनपद में निवासरत हृदय रोगी परीक्षण तिथि से पहले अपना पंजीकरण जानकीकुंड चिकित्सालय में कराकर इस कैंप का लाभ उठा सकते है। बताया कि शिविर में सांस फूलने, असामान्य धड़कन महसूस होने, सीने में दर्द, चलने में हांफी या चक्कर आने, कमजोरी महसूस होने, ब्लड प्रेशर के सामान्य से कम व अधिक होने, हार्ट अटैक सहित सभी हृदय रोगों के मरीजों का शिविर में जांच कर इलाज किया जाएगा।

# डीएम ने कोचिंग केन्द्र का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से की वार्ता, जानी समस्याएं



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को राजकीय जिला पुस्तकालय में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां डीएम ने अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभ्युदय कोचिंग में नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए विगत पंद्रह वर्षों के प्रश्नपत्रों को नियमित रूप से हल करने की सलाह दी। कहा कि जनपद से अधिक से अधिक छात्र मेडिकल क्षेत्र में चयनित हों और पढ़ाई पूरी करने के बाद पुनः जनपद में आकर सेवा दें। विद्यार्थियों की मांग पर डीएम ने नीट की तैयारी के लिए प्रतिदिन तीन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए। इसी प्रकार कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा जगह की कमी की समस्या से अवगत कराने पर डीएम ने अभ्युदय हाल के ऊपर एक अतिरिक्त हाल निर्माण की अनुमति प्रदान की तथा सचिव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। केन्द्र में जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के अध्ययनरत होने की जानकारी मिलने पर डीएम ने ऐसी ही लाइब्रेरी एवं कोचिंग व्यवस्था जनपद की अन्य तहसील मुख्यालयों में भी स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सर्वप्रथम मऊ तहसील में नीट की कक्षाओं के संचालन के लिए योग्य शिक्षकों के इम्पैनलमेंट की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने भी नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें एमसीक्यू टेस्ट पर विशेष ध्यान देने तथा निरंतर मेहनत से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

# राजकीय हाईस्कूल सुरसेन के मेधावी छात्र हुए सम्मानित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**चित्रकूट।** चित्रकूट के राजकीय हाईस्कूल सुरसेन में बृहस्पतिवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य ओम प्रकाश और गांव की सरोज सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। वरिष्ठ अध्यापक अनिल कुमार शर्मा ने मंच संचालन किया, जबकि सहयोगी शिक्षक सूर्य भूषण पाण्डेय ने व्यवस्था और अनुशासन में योगदान दिया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरसेन के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधीन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक कमलेश, अनुदेशक मीरा देवी, युवा समाजसेवी सत्यवीर सिंह, शाह मोहम्मद उर्फ लाला भाई, विमलेश त्रिपाठी, रेखा गुप्ता, माया देवी, आशा देवी और विद्यालय कर्मचारी धर्मेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। उपस्थित दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों की सराहना की। इसके बाद विभिन्न शैक्षणिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10 की छात्राओं प्रिया, अनुराधा, अनामिका और कंचन को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार दिए गए।

विद्यालय स्तर पर आयोजित कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिका वर्ग की माया, रीता, रीतू, अंजली, पल्लवी, काजल, अर्पिता और आंचल को सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में रविकरण, मनीष, नजीरुद्दीन, सोनू, सोनू सिंह, सुजीत और अजय सहित अन्य छात्रों को भी पुरस्कार मिले। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# SC, ST, OBC संगठनों ने UGC बिल का किया समर्थन, सौंपा ज्ञापन







**चित्रकूट।** चित्रकूट में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विभिन्न संगठनों ने यूजीसी बिल के समर्थन में एक बड़ा प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

संगठनों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में संविधान द्वारा प्रदत्त समानता, सामाजिक न्याय और वंचित वर्ग के संरक्षण के उद्देश्य से लाए गए यूजीसी कानून को लागू करने की मांग की। उन्होंने सरकार द्वारा लाए गए इस बिल का पूर्ण समर्थन किया। आभास महासंघ चित्रकूट के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने बताया कि 13 जनवरी 2026 को सरकार द्वारा लाया गया यूजीसी कानून स्वागत योग्य है। यह देश के दबे-कुचले, शोषित, पीड़ित, वंचित और 85% बहुजन समाज के बच्चों के हित में है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रभुत्ववादी और सामंतवादी विचारधारा के लोगों द्वारा इस कानून का असंवैधानिक रूप से विरोध करने पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 29 जनवरी 2026 को इस पर रोक लगा दी है।

समाजसेवी जानकीशरण प्रजापति ने कहा कि वे यूजीसी बिल का समर्थन करते हैं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस पर रोक लगाए जाने से देश के दबे-कुचले, शोषित, पीड़ित और वंचित समाज के हक और अधिकारों पर कुठाराघात हुआ है। इसके कारण पूरे देश में बहुजन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का स्थान देता है। त्रिभुवन सिंह यादव ने बताया कि देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में यूजीसी कानून लागू किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसी मांग को लेकर SC, ST और OBC संगठनों ने यह प्रदर्शन किया और यूजीसी बिल को तत्काल लागू कराने की अपील की। इस अवसर पर आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही, समाजसेवी जानकी शरण प्रजापति, एडवोकेट विनोद पाल, त्रिभुवन सिंह यादव, धर्मेंद्र कुमार भास्कर, रजनीश एडवोकेट, सीएल भारती, कंचन सिंह एडवोकेट, मीरा भारती, शिव नरेश, लक्ष्मी प्रसाद फौजी, प्रकाश चंद्र दिनेश, मानसिंह पटेल, लक्ष्मण पटेल, मोहित कुमार, अनुरोध कुमार, तीरथ प्रसाद, हनुमान प्रसाद, श्याम सुंदर, संजय कुमार, विपिन कुमार, कुबेर प्रसाद पाल, विनय पाल, चंद्रभान भारती, वासुदेव, विनोद कुमार वर्मा और महेंद्र प्रताप सहित लगभग तीन सौ लोग मौजूद रहे।

## रामनगर ब्लॉक में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मिली नई दिशा

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लॉक की सभी 38 ग्राम पंचायतों में पानी संस्थान द्वारा ओरेकल सीएसआर के सहयोग से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा तथा खाद्य सुरक्षा परियोजना का सफल संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,934 बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस परियोजना के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों के चयन की प्रक्रिया में जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही। वहीं डीपीओ एवं सीडीओ के निदेर्शानुसार टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के साथ बच्चों के ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण को जोड़कर उनकी शारीरिक वृद्धि की समय पर निगरानी की जा रही है। परियोजना के तहत रामनगर ब्लॉक के 47 आंगनवाड़ी केंद्रों का जीर्णोद्धार किया गया है। इसमें दीवार, छत और फर्श की मरम्मत के साथ खिड़की एवं दरवाजों को दुरुस्त किया गया है। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण करते हुए बच्चों के बैठने के लिए आकर्षक एवं मजबूत कुर्सी-मेज, 19 प्रकार की कहानी पुस्तकों तथा 56 प्रकार की शिक्षण-अधिगम सामग्री उपलब्ध कराई गई है। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण को भी परियोजना का अहम हिस्सा बनाया गया है, जिससे वे बच्चों को खेल-खेल में सीखने के लिए प्रेरित कर सकें। परियोजना के अंतर्गत माता-पिता के लिए काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें बच्चों की शिक्षा, पोषण और समग्र विकास के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही पानी संस्थान की टीम द्वारा चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों पर हैंड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान करते हुए पांच वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का स्कूल जाने की तैयारी का आंकलन स्कूल रेडीनेस टूल के माध्यम से किया जा रहा है।

# बलूचिस्तान में 'जबरन गुमशुदगी' पर मचा बवाल, यूएन औरHuman Rights से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

**बलूचिस्तान**
**जेय** सिंध फ्रीडम मूवमेंट (जेएसएफएम) ने बलूच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) के अध्यक्ष डॉ. नसीम बलूच के पिता मोहम्मद बख्श साजिदी और उनके चाचा नईम साजिदी और रफीक बलूच के कथित जबरन लापता होने की कड़ी निंदा की है। तीनों को कथित तौर पर 2 फरवरी को बलूचिस्तान के हुब चौकी स्थित उनके आवास से पाकिस्तानी राज्य सुरक्षा बलों द्वारा अगवा कर लिया गया था। अभी तक उनके ठिकाने, कानूनी स्थिति या उनके खिलाफ किसी भी आरोप के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। जेएसएफएम के अध्यक्ष सोहेल अब्रो ने इस कठिन समय में डॉ. नसीम बलूच के साथ सिंधी राष्ट्र और सिंधी राष्ट्रीय आंदोलन की पूर्ण एकजुटता का आश्वासन दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डॉ. बलूच को



एक शांतिपूर्ण राजनीतिक नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है, जिनकी गतिविधियां अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत वैध और संरक्षित अभिव्यक्ति के दायरे में आती हैं।
अब्रो ने कहा, उनके परिवार के सदस्यों को निशाना बनाकर की गई कार्रवाइयां राजनीतिक असहमति को दबाने के उद्देश्य से की जा रही धमकियों और दमन के व्यापक पैटर्न का हिस्सा हैं।" उन्होंने मोहम्मद बख्श साजिदी, नईम साजिदी और रफीक बलूच की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की। अब्रो ने संयुक्त राष्ट्र के जबरन या अनैच्छिक रूप से गायब होने पर कार्य समूह (डब्ल्यूजीईआईडी), संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय, एमनेस्टी इंटरनेशनल, ह्यूमन राइट्स वॉच, ब्रिटिश संसद और यूरोपीय संसद सहित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार निकायों और संस्थानों से इस मामले का तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया। सिंधी राष्ट्रवाद और आत्मनिर्णय के अधिकार के सिद्धांतों पर स्थापित, जय सिंध स्वतंत्रता आंदोलन की वैचारिक जड़ें सिंधी नेता जीएम सैयद द्वारा प्रतिपादित सिंधूदेश आंदोलन से जुड़ी हैं। यह आंदोलन सिंधी लोगों के लिए एक संप्रभु मातृभूमि, एक स्वतंत्र सिंधूदेश के निर्माण की वकालत करता है और सिंधियों के लिए स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अधिकारों और राजनीतिक न्याय की मांग के लिए विरोध प्रदर्शनों, रैलियों और सार्वजनिक प्रदर्शनों के आयोजन में सक्रिय रहा है। और पाकिस्तान में अन्य हाशिए पर रहने वाले समूह। पिछले कई वर्षों से, जेएसएफएम ने जबरन गायब किए जाने और कथित मानवाधिकार हनन को अपने प्रमुख मुद्दों के रूप में बार-बार उठाया है। आंदोलन और सहयोगी मानवाधिकार कार्यकताओं का दावा है कि पाकिस्तान की सुरक्षा बलों ने सिंध और बलूचिस्तान के राजनीतिक कार्यकताओं, पत्रकारों और मानवाधिकार रक्षकों को नियमित रूप से जबरन गायब कर दिया है, जिससे परिवारों के पास कोई ठोस उपाय या आधिकारिक जवाब नहीं बचते हैं।

# ईरान तनाव के कारण 2026 तक ये उड़ान रहेंगी रद्द



**ईरान**
**ईरान** में उत्पन्न हो रही घटनाओं के मद्देनजर इंडिगो ने मंगलवार को एक यात्रा सलाह जारी की और यात्रियों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु अपनी उड़ान अनुसूची में बदलाव किया। एक पोस्ट में इंडिगो ने लिखा, ईरान के आसपास की स्थिति को देखते हुए, हमने अपने यात्रियों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु अपनी उड़ान अनुसूची में अतिरिक्त बदलाव किए हैं।

इन उपायों के तहत, त्बिलिसी, अल्माटी, बाकू और ताशकंद से आने-जाने वाली इंडिगो की उड़ानें 28 फरवरी, 2026 तक रद्द कर दी गई हैं। यात्री अपनी पसंद के अनुसार वैकल्पिक यात्रा विकल्पों का पता लगाने या पूर्ण धनवापसी का विकल्प चुनने के लिए ँ३३स्त्र२ः//ु३.'८/4१ल्ल'ङ5ॠ पर जा सकते हैं। ईरान में उत्पन्न हो रही घटनाओं के मद्देनजर इंडिगो ने मंगलवार को एक यात्रा सलाह जारी की और यात्रियों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु अपनी उड़ान अनुसूची में बदलाव किया।
एक्स पर एक पोस्ट में इंडिगो ने बताया कि त्बिलिसी, अल्माटी, बाकू और ताशकेंट से आने-जाने वाली उसकी उड़ानें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। यात्रा सलाह - ईरान के आसपास की स्थिति को देखते हुए, हमने अपने यात्रियों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान अनुसूची में अतिरिक्त बदलाव किए हैं। इन उपायों के तहत, त्बिलिसी, अल्माटी, बाकू और ताशकेंट से आने-जाने वाली इंडिगो की उड़ानें 28 फरवरी, 2026 तक रद्द कर दी गई हैं।
यात्री वैकल्पिक यात्रा विकल्पों का पता लगाने या अपनी पसंद के अनुसार पूर्ण धनवापसी का विकल्प चुनने के लिए ँ३३स्त्र२ः//ु३.'८/4१ल्ल'ङ5ॠ पर जा सकते हैं। चूंकि स्थिति लगातार बदल रही है, हमारी योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। कोई भी और अपडेट या बदलाव हमारे संचार चैनलों के माध्यम से साझा किए जाएंगे। हम आपके धैर्य, समझ और निरंतर विश्वास की सराहना करते हैं।

# किसानों से समझौता नहीं, वेनेजुएला से आएगा तेल



**वाशिंगटन**
**भारत-अमेरिका** के ऐतिहासिक व्यापार समझौते के तहत किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी, भले ही नए समझौते में वेनेजुएला से कच्चे तेल सहित रणनीतिक ऊर्जा खरीद शामिल हो सकती है। सूत्रों ने दोहराया कि कृषि और दुग्ध उत्पादन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा जारी रहेगी और वार्ता के दौरान प्रमुख सुरक्षा उपायों पर कोई समझौता नहीं किया गया है। सूत्रों ने दोहराया कि कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा जारी रहेगी और बातचीत के दौरान प्रमुख सुरक्षा उपायों पर कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत इस समझौते के तहत विस्तारित बाजार पहुंच हासिल करने के साथ-साथ इन क्षेत्रों के लिए सुरक्षा उपायों को बनाए रखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, इस व्यापार समझौते ने अनुकूल आर्थिक वातावरण बनाया है और वैश्विक व्यापार वाताओं के प्रति सरकार के सुसंगत और संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ता है। इस बीच, ऊर्जा आपूर्ति के संबंध में, सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि भारत कच्चे तेल की खरीद उन देशों से करेगा जिन पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं हैं, और यह खरीद बाजार में प्रचलित दरों पर आधारित होगी। प्रतिबंध लागू होने के दौरान हमने वेनेजुएला से कोई सामान नहीं खरीदा। अब प्रतिबंध हट गए हैं, तो हम खरीदेंगे।
महज तीन दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया था।

# क्यों हिंदुस्तान संग बिजनेस करने को आतुर है दुनिया

**अमेरिका**
**भारत** के आर्थिक इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि कुछ ही दिनों में देश ने दो बड़े-बड़े व्यापारिक समझौते कर लिए हैं। पूरे साल की बात करें तो भारत ने कुल पांच प्रमुख ट्रेड डील साइन की हैं, और इन समझौतों वाले देशों की मिली-जुली जीडीपी दुनिया की कुल जीडीपी का 50% से भी ज्यादा है। सबसे नई और ताजा डील अमेरिका के साथ हुई है, जो पिछले कुछ महीनों से दोनों देशों के बीच तनाव और टैरिफ की वजह से चर्चा में बनी हुई थी। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक



साझीदार है, जहां पिछले वित्त वर्ष (2025) में भारत के कुल निर्यात का करीब 20% माल गया और हमारे आयात में उनकी हिस्सेदारी 6.3% रही। वर्ष 2014 से अब तक भारत ने आठ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया है।
भारत ने पिछले कुछ वर्ष में 37 विकसित देशों के साथ आठ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिया है। दूसरी तरफ भारत चिली, पेरू और कनाडा सहित कई देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। चिली के साथ व्यापार वार्ता लगभग अंतिम चरण में है जहां भारत के महत्वपूर्ण खनिजों में हित हैं। पश्चिम एशिया क्षेत्र के छह देशों के समूह जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषदने) भी भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की है।
हर कोई भारत के साथ बिजनेस क्यों करना चाहता है?
दुनिया में कई बड़े देश आजकल मंदी या परेशानी में हैं।

# ट्रम्प की Trade Deal के बाद क्रेमलिन ने दिया बड़ा बयान

**रूस**
**रूस** ने मंगलवार को कहा कि उसे भारत से रूसी तेल की खरीद रोकने के संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं मिला है और मॉस्को नई दिल्ली के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना चाहता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जिसके तहत भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद रोकने और व्यापार बाधाओं को कम करने के बदले में अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% कर दिया जाएगा। दोनों देशों के बीच एक साल से अधिक समय से चल रहे



व्यापारिक तनाव के बाद हुए इस समझौते की घोषणा करते हुए ट्रंप ने कहा, भारत रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गया है।
इसके बाद, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस भारत के साथ संबंधों पर ट्रंप की टिप्पणियों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहा है।

जब उनसे सीधे तौर पर पूछा गया कि क्या भारत ने रूसी तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी तक हमें इस मुद्दे पर दिल्ली की ओर से कोई बयान नहीं मिला है। पेस्कोव ने पत्रकारों से कहा हम अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय संबंधों का सम्मान करते हैं।
लेकिन हम रूस और भारत के बीच उन्नत रणनीतिक साझेदारी के विकास को भी उतना ही महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है, और हम दिल्ली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने का इरादा रखते हैं।
2022 में यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध की शुरूआत के बाद भारत रियायती रूसी समुद्री मार्ग से आने वाले कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया।

इससे पश्चिमी देशों में आक्रोश फैल गया, जिन्होंने रूस के ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए प्रतिबंध लगाए, जिनका उद्देश्य मॉस्को के राजस्व को कम करना और युद्ध के लिए धन जुटाना मुश्किल बनाना था। ट्रम्प ने बार-बार भारत पर रूसी तेल की खरीद के माध्यम से यूक्रेन में रूस की आक्रामकता को अप्रत्यक्ष रूप से वित्तपोषित करने का आरोप लगाया था।

# मोदी हो गए तैयार! रूस से तेल खरीद पर ट्रंप के दावे ने सबको चौंकाया

**अमेरिका**
**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वाशिंगटन भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, इसके बदले में नई दिल्ली रूसी तेल की खरीद बंद करने का वादा करेगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात को वेनेजुएला और संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात करने पर सहमत हो गए हैं। वैश्विक व्यापार डेटा प्रदाता केप्लर के अनुसार, ट्रंप




द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ लगाए जाने के बावजूद भारत प्रतिदिन लगभग 15 लाख बैरल रूसी कच्चे तेल का आयात कर रहा है, जो कुल भारतीय आयात का एक तिहाई से अधिक है। भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है।
ट्रंप ने क्या कहा
अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्हें उन्होंने "अपने सबसे अच्छे दोस्तों में से एक" बताया, ने एक व्यापार समझौते पर सहमति जताई है, जिसके तहत भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। हालांकि व्यापार समझौते का पूरा विवरण अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमति जताई है और अब वह अमेरिका और संभवतः वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "इससे यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने में मदद मिलेगी, जिसमें हर हफ्ते हजारों लोग मारे जा रहे हैं!

# क्या 'दूसरी आजादी' का सपना होगा पूरा?

**बांग्लादेश**
**बांग्लादेश** अपने स्वतंत्रता काल के बाद से सबसे महत्वपूर्ण चुनावों में से एक के लिए बस कुछ ही दिन दूर है, क्योंकि देश अपने अगले प्रधानमंत्री और सरकार के चयन के लिए राष्ट्रव्यापी मतदान की तैयारी कर रहा है। यह मतदान अगस्त 2024 के जन विद्रोह की पृष्ठभूमि में हो रहा है - जिसका नेतृत्व मुख्य रूप से छात्रों ने किया था - जिसके परिणामस्वरूप लगभग डेढ़ दशक के शासन के बाद शेख हसीना की सरकार का नाटकीय रूप से पतन हो गया और एक अंतरिम प्रशासन का गठन हुआ। देश के भीतर अक्सर इसे दूसरी स्वतंत्रता के रूप में वर्णित किया जाता है, इस आंदोलन ने बांग्लादेश को मौलिक



रूप से नया आकार दिया है, जिससे शासन, जवाबदेही और लोकतांत्रिक वैधता के बारे में गंभीर सवाल उठ रहे हैं।
बांग्लादेश निर्वाचन आयोग ने 12 फरवरी, 2026 (गुरुवार) को मतदान दिवस के रूप में पुष्टि की है। कड़े नियंत्रण वाले प्रचार अभियान के बाद मतदाता मतदान केंद्रों की ओर रवाना होंगे। नामांकन प्रक्रिया औपचारिक रूप से 29 दिसंबर, 2025 को समाप्त हुई, जिसके बाद 22 जनवरी, 2026 को आधिकारिक तौर पर प्रचार अभियान शुरू हुआ। चुनावी कानून के अनुसार, सभी राजनीतिक प्रचार अभियान 10 फरवरी को शाम 4:30 बजे तक समाप्त होने चाहिए, जिससे मतदान से पहले 48 घंटे का शांति काल (कूलिंग-ऑफ पीरियड) सुनिश्चित हो सके। चुनाव दिवस पर मतदान का समय सुबह 7:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक रहेगा, जो पिछले चुनावों की तुलना में एक घंटा अधिक है।
रहमान के 65 उम्मीदवारों के पर्चे रद्द करने की तैयारी बांग्लादेश का चुनाव अब सत्ता में 'परिवर्तन' से ज्यादा 'क्षेत्रीय संतुलन' का जरिया बनता दिख रहा है। चुनावी प्रक्रिया में अमेरिका और तुर्किये की दखलंदाजी की खबरों के बीच बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान के खिलाफ साजिश की आशंका जताई है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# ट्रंप के आगे खामनेई का सरेंडर! न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने पर ग्रीन सिग्नल?

## अमेरिका से डील के लिए तेहरान ने बदला अपना रुख

**ईरान**
**ईरान** और अमेरिका के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए सहमति की खबरों के बीच, ईरानी अधिकारियों का कहना है कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए तेहरान अपना परमाणु कार्यक्रम निलंबित या बंद कर सकता है। यह वाशिंगटन के साथ किसी भी समझौते में यूरेनियम संवर्धन को रोकने से इनकार करने के ईरान के निरंतर रुख के बिल्कुल विपरीत है। अधिकारियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) को बताया कि ट्रंप द्वारा हमले की धमकियों के मद्देनजर अमेरिका के साथ तनाव कम करने के लिए तेहरान अपने मौजूदा रुख से पीछे हटने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल अमेरिका द्वारा इजरायल के साथ 12 दिनों के युद्ध और वाशिंगटन द्वारा उसके परमाणु संयंत्रों पर हमले से पहले पेश किया गया वैकल्पिक प्रस्ताव कहीं अधिक व्यवहार्य विकल्प होगा। इस प्रस्ताव के अनुसार, परमाणु ऊर्जा का उपयोग करके बिजली उत्पादन के लिए एक संघ बनाया जाएगा, जिसमें यूरेनियम संवर्धन ईरान के बाहर किया जाएगा।



बीते कुछ हफ्तों से वह ईरानी जनता को चेतावनी दे रहे थे कि देश में हालात उनके नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं।

यह बयान इस बात का भी संकेत देता है कि उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनेई का समर्थन मिला है, जिन्होंने पहले ऐसे किसी भी संवाद को खारिज कर दिया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान और अमेरिका किसी समझौते तक पहुंच पाएंगे या नहीं, खासकर इसलिए क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बातचीत की किसी भी प्रक्रिया में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी प्रमुख मांगों में शामिल कर रखा है।
ट्रंप ने जून में इजराइल द्वारा शुरू किए गए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के आदेश दिए थे। पेजेशकियान ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर अंग्रेजी और फारसी में लिखा कि यह फैसला ह्यह्यक्षेत्र के मित्र देशों की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति के बातचीत के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोधह्नह्न पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने विदेश मंत्री को निर्देश दिया है कि यदि उपयुक्त माहौल हो यानी धमकियों और अनुचित अपेक्षाओं से मुक्त वातावरण, तो वह गरिमा, विवेक और दूरदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत को आगे बढ़ाएं।ह्नअमेरिका ने अभी यह स्वीकार नहीं किया है कि इस तरह की कोई बातचीत होने जा रही है।